CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 79,454.47
निफ्टी 24,008.00
सोना 99,495
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 12 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## आतंकी ढांचे पर कार्रवाई जरूरी थी: डोभाल

**नई दिल्ली/बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार रात चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग ई से टेलीफोन पर बात की और कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आतंकी ढांचे पर कार्रवाई करना जरूरी थी, लेकिन युद्ध करना भारत का चयन नहीं है। सूत्रों के अनुसार श्री डोभाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बड़ी संख्या में भारतीय हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि युद्ध भारतीय पक्ष का चुनाव नहीं है और यह दोनों पक्षों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की पहल की है और भारत ने इसे स्वीकार किया है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल होगी।

## जनरल द्विवेदी ने सैन्य कमांडरों के साथ स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों को पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। पाकिस्तान सेना ने शनिवार शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू-कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

## अमृतसर हाई अलर्ट पर, जालंधर में स्थिति सामान्य

**जालंधर।** पाकिस्तान के संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के पश्चात पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों को देखते हुए पंजाब के जिला अमृतसर को हाई अलर्ट पर रखा गया है, जबकि जालंधर को छोड़ कर बाकि अधिकांश जिलों में ब्लैकआउट रहा। अमृतसर के उपायुक्त द्वारा सुबह 5.24 बजे जारी एक बयान में कहा कि शहर अभी भी 'हाई अलर्ट' पर है। उन्होंने कहा कि हमने आपकी सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है, लेकिन हम अभी भी हाई अलर्ट पर हैं। अब सायरन बजेगा, जो इस अलर्ट का संकेत देगा। कृपया अपने घर से बाहर न निकलें, घर के अंदर रहें और खिड़की से दूर रहें। उन्होंने कहा कि घबराए नहीं और निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि 'जब हमें हरी झंडी मिलेगी, तो हम आपको सूचित करेंगे। कृपया अनुपालन सुनिश्चित करें और घबराएं नहीं'। इससे पहले, सुबह करीब 4:39 बजे उन्होंने लोगों को लाइट बंद रखने और खिड़कियों, बालकनियों, सड़कों और छतों से दूर रहने की सलाह दी थी।



## परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरान

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## 16 मई से फिर शुरू हो सकता है आईपीएल

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

# गोली का जवाब गोले से देंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा।

वहीं न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात



### पीएम मोदी का सेना को सख्त निर्देश, अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा

पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे नए सामान्य की तरह स्वीकार करना होगा। सूत्रों का कहना है कि, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई राजनयिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डीजीएमओ के बीच संपर्क हुआ है, ताकि सीमा पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके साथ ही भारत का संदेश बिल्कुल साफ है, अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा। और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। यह ऑपरेशन भारत की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ शुरू की गई एक बड़ी सैन्य मुहिम है। इसका मकसद न सिर्फ सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना है, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश देना भी है कि अब भारत हर हमले का जवाब तुरंत और तगड़ा देगा।

### पीओके की वापसी ही एकमात्र मुद्दा, कश्मीर पर क्लीयर मैसेज


**नई दिल्ली।** सीजफायर के बाद पीओके को लेकर भारत ने बड़ा बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने कहा है कि कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अब केवल एक ही मुद्दा बचा है। पीआके को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। हम किसी और विषय पर बात नहीं करना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

# रावलपिंडी ने सुनी भारतीय सेना की धमक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनी। यहां उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से जुड़े।

उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया। यह कदम रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी। बल्कि, आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक थी। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारतीय सेना ने उन आतंकवादियों को सजा दी, जिन्होंने कई परिवारों के सिंदूर को मिटा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। पाकिस्तानी हमलों के बाद -शेष पृष्ठ दो पर




**ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई ही नहीं, आतंक से लड़ने को भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक थी: रक्षा मंत्री**

**उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ**

### ब्रह्मोस की मारक क्षमता 290 -400 किमी और गति मैक 2.8, ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना

**लखनऊ।** लखनऊ नोड पर स्थापित ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये से तैयार की गई है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई थी। इसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है। यह 'फायर एंड फॉरगेट' सिद्धांत पर काम करती है। इससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है।

## सीजफायर के बाद मोदी ने दो घंटे तक की हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के बाद हालात नॉर्मल है। इस बीच दिल्ली में बैठकों का दौर भी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की है।

पीएम की अध्यक्षता वाली ये बैठक करीब 2 घंटे तक चली, जिसमें नेताओं से हर क्षेत्र के मौजूदा हालात की रिपोर्ट ली गई। इसके अलावा शनिवार रात हुए सीजफायर उल्लंघन पर भी चर्चा की गई है। भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद ये पहली बड़ी बैठक है, जिसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख और सीडीएस शामिल हुए। इसमें मौजूदा हालात और आगे की कार्रवाई के बारे में चर्चा की गई है। इसी मीटिंग के दौरान एयरफोर्स ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बैठक कर रहे हैं। इसके साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख शामिल हुए।

### डोभाल समेत तीनों सेना प्रमुख रहे मौजूद

## ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी व 35-40 पाकिस्तानी सैनिक भी मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद रविवार शाम को तीनों सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस दौरान डीजीएमओ राजीव घई ने कई बातें कहीं। घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंक का खात्मा था। हमने आतंकियों के ठिकानों पर वार किया। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। बहावलपुर और मुरीदके हमारे टारगेट पर थे। सेना ने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर टारगेट किया। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान उड़ाए। हमने पाक के सभी ड्रोन मार गिराए। पाकिस्तान ने सीजफायर का वादा तोड़ा। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



### बॉर्डर व एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में पांच भारतीय जवान हुए शहीद

## पाक स्थित हैंडलर को सेना की संवेदनशील जानकारी लीक

**चंडीगढ़, वार्ता**

**पंजाब में मलेरकोटला** पुलिस ने भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पहले विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, एक संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर, एक दूसरे माध्यम की भी पहचान की गई और उसे हिरासत में ले लिया गया। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी गोपनीय जानकारी के बदले ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर रहे थे। वे हैंडलर के साथ लगातार संपर्क में थे और उसके निर्देशों के अनुसार अन्य स्थानीय गुर्गों को धन मुहैया कराने में शामिल थे। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।यह ऑपरेशन सीमा पार जासूसी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम है और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। डीजीपी यादव ने कहा कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर वित्तीय लेनदेन और नेटवर्क के भीतर अतिरिक्त गुर्गों और संबंधों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार आगे की जांच की जाएगी।

### पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

## पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयरबेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनू निवासी सुरेंद्र सिंह मोगा के रूप में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# खड़गे व राहुल ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से पहले एवं उसके बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री को रविवार को लिखे पत्र में कहा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा के लिए संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहरा रहे हैं। उनका कहना था कि संसद में इस बात पर भी चर्चा होगी कि पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी ने सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान के साथ गोलाबारी में सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री गांधी ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान 10 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में सूबेदार मेजर पवन कुमार जी का वीर गति को प्राप्त होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में शहीद के सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरे देश को पवन कुमार जी की देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है।

## वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर में मिले मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने रविवार को जोर देकर कहा कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। विशेष रूप से सोशल मीडिया में चल रही अटकलबाजियों और अफवाहें के मद्देनजर वायुसेना ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि यह ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किया गया। सेना ने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायुसेना ने सभी से अपील की है कि वह अटकलबाजी और अफवाहों से बचें और असत्यापित जानकारी का प्रसार न करें। इस ऑपरेशन के दौरान वायुसेना के प्लेटफॉर्म और उसके पायलटों के संबंध में अलग-अलग तरह की विवादास्पद जानकारियां साझा की जा रही है।

# कश्मीर मुद्दे का हल निकालने को करूंगा काम: ट्रम्प

## भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुट गए हैं। पहले उन्होंने बीते दिन शाम पांच बजकर 37 मिनट पर दोनों देशों के बीच सीजफायर का दावा किया। इसके बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री और भारत के विदेश सचिव ने इसे लेकर आधिकारिक ऐलान किया। हालांकि भारत ने साफ किया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का दखल नहीं है।

ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान संघर्ष को रोकने का समय आ गया है, जो कई लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। आपकी विरासत आपके बहादुर काम से बहुत बढ़ गई है। मुझे गर्व है कि अमेरिका ने आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचाने में मदद की। अभी चर्चा नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं। इसके अलावा मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या हजार साल के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। भगवान भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को अच्छी तरह से किए गए काम के लिए आशीर्वाद दे। बीते दिन संघर्ष विराम की पहली सूचना ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीते 48 घंटे में उनकी पीएम नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, एस. जयशंकर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर और दोनों देशों के एनएसए से बातचीत हुई है।

### संघर्ष विराम के चलते नियंत्रण रेखा पर जनजीवन सामान्य

**श्रीनगर।** कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, क्योंकि रविवार को एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार शाम को संघर्ष विराम पर सहमति जताई, जिससे कई दिनों से सीमा पार से हो रही भीषण गोलाबारी खत्म हो गई, जिसके कारण हजारों निवासियों को सुरक्षित क्षेत्रों में पलायन करना पड़ा था। बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा पर कई गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है, जो बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। उरी में लोग अपने घरों और मुख्य शहर की दुकानों पर लौटने लगे हैं।



# देश के 30 राज्यों में आंधी, बारिश व तूफान की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के 30 राज्यों में रविवार को आंधी-बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान हवाएं 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। अगले 2 दिन में अधिकतर राज्यों का तापमान 2.4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि इस बार देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह एक जून को केरल पहुंचता है। राजस्थान के कोट, भरतपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार 30 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। पूरे मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में पारा 40 के करीब पहुंच गया है। आगरा में बीते दिन 80 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं, कई होर्डिंग और पेड़ उखड़ गए। ओडिशा के 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। सबसे ज्यादा 42.7 डिग्री संबलपुर का रहा। पश्चिम बंगाल के 5 जिलों में हीटवेव की स्थिति रह सकती है, तापमान 40.0 डिग्री पार जा सकता है।

### यूपी-राजस्थान के 50 जिलों में अलर्ट, ओडिशा-पश्चिम बंगाल में तापमान 40 डिग्री के पार

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में भीषण गर्मी का दौर शुरू, 14 से लू की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं का दौर शुरू हो चुका है। बीते दो दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में तापमान चढ़ने के साथ ही गर्मी का प्रभाव बढ़ा है। दोपहर की तपिश भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन से चार दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं। वहीं 14 मई से उप्र के पूर्वी और तराई हिस्सों में लू के थपेड़े चलने के संकेत हैं। रविवार को वाराणसी, कानपुर, बस्ती, बहराइच, चुर्क, बलिया जैसे 15 जिलों से ज्यादा जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

### आनंदीबेन ने दी बुद्ध पूर्णिमा पर देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को रविवार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्रीमती पटेल ने अपने संदेश में कामना की है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में शांति, करुणा, सद्भावना और आत्मबोध का संचार करे तथा हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को आत्मसात कर एक समरस, जागरूक और नैतिक समाज के निर्माण में योगदान दें।

### सिन्हा ने कुमार थापा के परिजनों से भेंट करके संवेदना जताई

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त डा. राज कुमार थापा के परिवार से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले प्रतिष्ठित लोक सेवक को श्रद्धांजलि दी। श्री सिन्हा ने कहा, ष्जम्मू-कश्मीर के विकास की प्रक्रिया में डा. थापा का योगदान बहुत बड़ा है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

### मणिपुर में व्यापक अभियान, 13 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों से केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के चार सक्रिय कार्यकर्ताओं को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई-पीएस के अंतर्गत सलाम मानिंग लेइकाई से केसीपी (अपुनबा) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों की एक अन्य टीम ने इंफाल पश्चिम जिले के मयांग लांगलजग क्वाइसफाई से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई-पीएस के अंतर्गत चिंगरेल तेजपुर से पीआरईपीएके (प्रो.) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया।

## आतंकी जिस भाषा में समझेंगे, उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे: योगी

# ब्रह्मोस की ताकत पाकिस्तानियों से पूछें

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है, जो कभी सीधी होने वाली नहीं, जो प्यार की भाषा मानने वाली नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा।

उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर आज कहा कि इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है, जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व योगी ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड' का भी विमोचन किया गया। यही नहीं मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा, तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर होने की बजाय स्वयं उस लक्ष्य को प्राप्त करे। इजराइल इसका उदाहरण है, जिसने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्म निर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उसने अपने अगल-बगल के दुश्मन देशों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के सामने जो लक्ष्य रखा, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल उसी अभियान का हिस्सा है। वीडीएल झांसी में आ रहा है। उसका काम बहुत तेजी से आगे बढ़ चुका है।

### आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, सीधी नहीं होने वाली



■ ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फेसिलिटी का उद्घाटन आतंकवाद को कुचलने का समय आ गया:सीएम

### यूपी में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड विकसित

भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ा है वह उसे प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा की थी, लेकिन यह कहां बनेगी इसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने इसी लखनऊ में की थी। उत्तर प्रदेश में इसके लिए 6 नोड तय किए गए। इनमें राजधानी लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए चुना गया। 2019 में केंद्र में जब पुन: सरकार बनी तब रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने 2020 में पहली बार लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया। तब उन्होंने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की प्रोडक्शन यूनिट लगाने की घोषणा की थी। योगी ने कहा कि यूपी के अंदर डिफेंस कॉरिडोर के जो 6 नोड विकसित हो रहे हैं इन पर हमारा कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### यूपी ने पहली बार किया ग्रीस में प्रतिभाग

**अंतर्राष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी देखी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश केमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीस की राजधानी एथेंस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी (डीईएफईए-2025) में पहली बार प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही सहित वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार एवं रक्षा विशेषज्ञ सम्मिलित रहे। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश ने भारत के राजदूत रुद्रेंद्र टंडन की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी (डीईएफईए-2025) में भारत के पवेलियन और उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पहली बार है, जब उत्तर प्रदेश ने इस स्तर की अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी में अपना प्रतिनिधित्व किया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने न केवल देश को सामरिक दृष्टि से मज़बूत किया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की तकनीकी और औद्योगिक क्षमताओं को भी एक नई पहचान दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ने रक्षा विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, वह सराहनीय है।

## कर्नल सोफिया व व्योमिका सिंह बनीं लड़कियों का रोल मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उनका नाम शहर या देहात में बच्चों बच्चों की जुबान पर रटा है, मुरादाबाद में कर्नल सोफिया की बुआ रहती है

**मुरादाबाद।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की गूंज देश दुनिया में सुनाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर लड़कियों की रोल-मॉडल के रूप में युद्ध से जुड़ी प्रेस ब्रीफिंग का हिस्सा बनने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं।

आज उनका नाम शहर हो या देहात बच्चे बच्चे की जुबान पर रटा हुआ है, खासतौर से युवा वर्ग में। लोग अब अपनी ब्लैक कलर की थार व स्कार्पियो समेत एसयूवी, मल्टी यूटिलिटी व्हीकल्स समेत अन्य महंगी कारों की दोनों खिड़कियों के दोनों ओर कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बड़े-बड़े फोटो व ऑपरेशन सिंदूर प्रिंट करवाने का पेंटर को ऑर्डर दे रहे हैं। मुरादाबाद महानगर स्थित इंदिरा चौक के समीप मोहल्ला मकबरा में कर्नल सोफिया कुरैशी की सगी बुआ रहती हैं। जब उन्हें कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में लोगों की राय बताई गई, तो वह फूले नहीं समाई। श्रीमती हाजरा बेगम बताती हैं कि हमें फक्र है कि उनकी भतीजी ने देश-दुनिया में अपने, वतन अपनी कौम व परिवार का नाम रोशन किया है। हाजरा बेगम आगे बताती हैं कि सोफिया कुरैशी का जन्म पूना में हुआ था। सोफिया के पिता सूबेदार ताज मोहम्मद कुरैशी समेत उनके तीन सगे भाई हैं। वह तीनों भाई फौज में रहे हैं। उन्हें देखकर ही सोफिया कुरैशी का बचपन से ही सेना में अफसर बनने का सपना था। बताया कि 1996-97 में उनका सेना में चयन हुआ। उन्होंने कहा कि हमें फक्र है कि उनकी भतीजी ने देश-दुनिया में अपने परिवार,वतन व अपनी कौम का नाम ऊंचा किया है। वह आज़ मुल्क की बेटियों की रोल-मॉडल बन गई। दोनो कर्नल को लेकर लोगों में क्रेज का आलम यह है कि लोग महंगे-महंगे मल्टी यूटिलिटी व्हीकल की खिड़कियों में दोनों ओर ऑपरेशन सिंदूर लिखवा कर दोनों सैनिक अधिकारी बेटियों के वर्दी में फोटो बनवाने के लिए पेंटर्स को ऑर्डर कर रहे हैं।

## एसआईए के 20 स्थानों पर छापे स्लीपर सेल मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर, वार्ता**

■ अब पाकिस्तान के आतंकी चमचों की बारी : एसआईए

जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने रविवार को दक्षिण कश्मीर में 20 स्थानों पर छापेमारी के दौरान स्लीपर सेल मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने कहा कि तकनीकी खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि कश्मीर में कई स्लीपर सेल अपने पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे और व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल सहित मैसेजिंग ऐप के माध्यम से सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील और रणनीतिक जानकारी देने में शामिल थे।

पुलिस ने कहा कि ये आतंकी सहयोगी लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादी कमांडरों के इशारे पर ऑनलाइन कटरपंथी प्रचार में भी शामिल थे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित कर रहा था। एजेंसी कश्मीर ने इसके बाद इस साल की शुरुआत में दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में दक्षिण कश्मीर के सभी जिलों में लगभग 20 स्थानों पर तलाशी ली। पुलिस ने कहा कि छापेमारी के दौरान पर्याप्त मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है और संदिग्धों को आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच से स्पष्ट रूप से पता चला है कि ये संस्थाएं आतंकवादी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल हैं, भारत विरोधी बयानों का प्रचार और प्रसार कर रही हैं जिसका उद्देश्य न केवल भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देना है, बल्कि असंतोष, सार्वजनिक अव्यवस्था और सांप्रदायिक घृणा को भड़काना भी है। पुलिस ने कहा कि एसआईए किसी भी तरह की अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जारी रखेगी।

## सीजफायर सकारात्मक व जरूरी प्रगति: हुसैनी

**भारत-पाक के बीच सीजफायर पर बोले जमात-ए-इस्लामी हिंद के प्रमुख हुसैनी**

**नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने भी भारत-पाक के बीच सीजफायर समझौते की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर समझौते की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह एक सकारात्मक और बेहद ही आवश्यक प्रगति है, जो क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए आशा की किरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि हम उन सभी लोगों, नागरिक समाज समूहों, और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ते संघर्ष के दौरान निरंतर शांति, तनाव कम करने और संयम की लगातार वकालत की। तनावपूर्ण माहौल में उनकी आवाजें मानवीय गरिमा को बनाए रखने और जीवन को संरक्षित करने के महत्व की याद दिलाती रहीं। पाकिस्तान के साथ जारी संघर्ष में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए हुसैनी ने कहा कि हम संघर्ष में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत सरकार संघर्ष में मारे गए लोगों के परिवारों को उचित मुआवजा दे, साथ ही नागरिकों और समुदायों खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की आजीविका और संपत्ति की क्षतिपूर्ति भी करे। यह सीजफायर एक नए अध्याय की शुरुआत करता है, ऐसे में हमारा मानना है कि स्थायी शांति केवल संवाद और कूटनीति को संस्थागत बनाने की कोशिशों के जरिए ही सुनिश्चित की जा सकती है।

## बुलंदशहर में नाबालिग से गैंगरेप, दूसरी की मौत

### आरोपी ने शराब पिलाई और मारपीट भी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में मेरठ नेशनल हाईवे पर चलती कार में तीन लोगों ने एक नाबालिग युवती से गैंगरेप किया। उसकी सहेली ने इसका विरोध करते हुए आरोपियों को थप्पड़ मारा, तो उन्होंने उसको उन्होंने कार से लात मारकर नीचे फेंक दिया। पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसको कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

इसके बाद जानी पुलिस ने सड़क पर पड़े युवती के शव को हादसा माना और उसको मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतक युवती की पहचान करने की कोई कोशिश नहीं की। मृतक युवती बिहार की रहने वाली थी। वह गौतमबुद्ध नगर के सुरजपुर क्षेत्र में रहती थी और वहीं के एक होटल में काम करती थी। जिस नाबालिग युवती के साथ गैंगरेप हुआ, उसने खुर्जा में कार से कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पीड़िता ने



■ तीन हैवान नोचते रहे शरीर, एक लड़की को गाड़ी से फेंका

आरोपियों के खिलाफ पुलिस को सूचना दी। पीड़िता प्रतापगढ़ जिले के चिलविला की निवासी है। पीड़िता भी गौतमबुद्ध नगर के सुरजपुर क्षेत्र की रहने वाली है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 6 मई को उसके परिचित अमित नामक युवक ने उसे नौकरी दिलाने की बात कही। साथ ही कहा कि वो भी उसके साथ जाएगा। अमित ने नाबालिग युवती को जो जगह बताई थी, वहां वो अपनी सहेली के साथ पहुंची। अमित ने दोनों को कार में बैठा लिया। अमित के साथ उसका दोस्त संदीप भी था। इसके बाद देर रात अमित ने अपने एक और साथी को भी कार में साथ ले लिया। पीड़िता ने बताया कि कार में आरोपियों ने उन्हें जबरदस्ती शराब पिलाई, मारपीट की और उसके साथ गैंगरेप किया। उसकी सहेली के विरोध करने पर आरोपियों ने लातमार उसे कार से नीचे फेंक दिया। पीड़िता ने बताया कि वो खुर्जा में किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचकर भाग निकली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ खुर्जा कोतवाली में अपहरण, हत्या और गैंगरेप की धारा में मामला दर्ज किया गया है। मृतक युवती का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके चेहरे, माथे हाथ, पैर पर चोटों के 12 निशान मिले हैं।

## अर्थ व्यापार

## महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**

भारत-पाकिस्तान तनाव से सहमे निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अप्रैल के जारी होने वाली थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1047.52 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79454.47 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 338.7 अंक यानी 1.4 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन



सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की ही तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 596.37 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 42111.50 अंक और स्मॉलकैप 623.59 अंक यानी 1.3 प्रतिशत कमजोर रहकर 46741.95 अंक रह गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों की धारणा पर इसका सीमित प्रभाव देखने को मिला है। इस वर्ष अप्रैल में निरंतर विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) और रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत दिया, जिससे बाजारों में स्थिरता बनी रही। कमजोर अमेरिकी डॉलर और स्थिर कच्चे तेल की कीमतों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। भारत-ब्रिटेन के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते की सकारात्मक चर्चा ने विशेष रूप से कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी को समर्थन दिया। अमेरिका की फेडरल रिजर्व ओपेन मार्केट कमेटी की नीतिगत बैठक के सतर्क रुख के बावजूद अमेरिका और चीन व्यापार वार्ता की संभावित बहाली तथा अमेरिका और ब्रिटैन व्यापार समझौते को लेकर आशावाद ने वैश्विक बाजारों को सहारा दिया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 2 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 2 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया, जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 355 रिंगिट लुढ़ककर 3790 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.21 सेंट की गिरावट के साथ 48.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में



■ अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा

टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये महंगी हो गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रावलपिंडी ने सुनी....** की सभी जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे शहर लखनऊ, हमारे राज्य उत्तर प्रदेश और हमारे पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज का दिन उस शक्ति की आराधना का दिन है, जो हमारी सेनाओं को संबल प्रदान करती है, जो हमारी सेनाओं में निहित होकर दुश्मन पर कहर बरपाती है। आज का दिन मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण है। क्योंकि मैंने अपने शहर लखनऊ के लिए एक सपना देखा था। कि, मेरा शहर, भारत के रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने में एक बड़ा योगदान दे। वह सपना अब पूरा हो रहा है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन इसलिए भी महत्व रखता है, क्योंकि आज का दिन बड़ा खास है। आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। आज ही के दिन 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हमारे वैज्ञानिकों ने पोखरण में परमाणु परीक्षण करके दुनिया को भारत की ताकत दिखाई थी। वह परीक्षण हमारे वैज्ञानिक, इंजीनियर्स, रक्षा कार्मिक और कई अन्य हितधारकों के अथक प्रयासों का परिणाम था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया, लेकिन पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया, बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही नहीं कार्रवाई की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कारवाई करेगा। समारोह में सीएम योगी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टाइटेनियम एंड सुपर एलाय मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन किया। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगा। इनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। साथ ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण हुआ। ये मिसाइलों के परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**ऑपरेशन...** बताया कि बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे पांच जवान शहीद हुए हैं। पाकिस्तान ने नागरिक विमान को हथियार बनाया। भारत के किसी एयरबेस को नुकसान नहीं हुआ। पाक ने श्रीनगर से कच्छ तक ड्रोन भेजे जम्मू, उधमपुर और पठानकोट एयरबेस पर पाकिस्तान ने हमला किया। राजीव घई ने कहा कि 8 और 9 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन भेजे हैं। हम तैयार थे इसलिए कोई नुकसान नहीं हुआ। लाहौर में हमने रडार सिस्टम ध्वस्त किया। पाक के 35-40 सैनिकों की मौत हुई। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि हमने 9 आतंकी ठिकानों को टारगेट किए। इसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, जिनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे लक्ष्य शामिल थे। भारतीय वायुसेना ने इन हमलों में अहम भूमिका निभाई और इनमें से कुछ शिविरों पर हमला किया और भारतीय नौसेना ने सटीक हथियारों के मामले में साधन उपलब्ध कराए। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के खात्मे के लिए था। हमने इस दौरान 100 से ज्यादा आतंकी मारे।

**खड़गे व राहुल...**की सरकारें संघर्ष विराम की घोषणाएं करती हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इससे पहले 28 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। श्री गांधी ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और पाकिस्तान की घोषणा से पहले संघर्ष विराम के मुद्दे पर ट्वीट करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस आग्रह पर विचार करेंगे। गांधी ने पिछले दिनों सर्वदलीय बैठक में भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।

## संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा करती है हैरान: कांग्रेस



■ संसद का विशेष सत्र जल्दी बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पाकिस्तान और भारत के बीच चल रहे संघर्ष के विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाला करार देते हुए रविवार को कहा कि दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले घटनाक्रम हैरान करने वाली स्थिति भी सामने आई है। यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं। पायलट ने कहा,ष्यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के ज़रिए अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं। उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष में सरहद के पास के पास हमारे जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। मैं भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को सलाम करता हूं। हमारी सेना ने एक बार फिर दिखाया है कि वह दुनिया के सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अंकुर फर्टीलाइजर में गैस रिसाव से मची अफरा-तफरी

## आठ ग्रामीण हुए बेहोश, अस्पताल में भर्ती

■ बुढ़ाना मोड पर 75 बीघा में है कैमिकल फैक्ट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना मोड के गांव हमजापुर प्रेमपुरी प्रथम स्थित करीब 75 बीघा में बनी तैजाब फैक्ट्री की चिमनी में छोडी गई गैस आस-पास की बस्ती में फैल गई जिसके बाद यहां लोगों को मौत नजर आने लगी और यहां मौजूद महिलाएं व बच्चें एक-एक करके बेहोश होकर गिरने लगे। अफरा-तफरी के चलते दी गई सूचना के बाद यहां पहुंची एंबुलेंस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद पुलिस अधिकारी व अन्य टीम भी मौके पर पहुंची।

बुढ़ाना मोड के खंजापुर में करीब चालिस वर्षो से तेजाब बनाने की फैक्ट्री है जिसमें कई सो मजूदर काम करते है और इस फैक्ट्री में तेजाब बनाने के साथ कंडोम भी बनते है। घटना रविवार करीब चार बजे की है इस समय बसती में महिलाएं अपने घरेलू काम में लगी हुई थी जबकि परिवार के लोग अपने-अपने काम पर गए हुए थे। बतायाजाता है कि अचानक ही जहरीली गैस से लोगों का यहा दम घुटने लगा और यहां की महिलाएं व बच्चे बेहोश होकर गिरने लगे। ऐसा गांव खंजापुर व आस-पास के गांवों का कहना है । दी गई सूचना के बाद ही एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई इस समय यहां अफरा-तफरी मची हुई थी। बेहोशी की हालत में ही 65 वर्षीय शंकुतला, 60 वर्षीय मेनकिला पत्नी राजपाल, 23 वर्षीय नेहा पत्नी गौरव व 40 साल की अनिता के अलावा आठ वर्ष के वेद, बारह वर्ष के देव, तेरह वर्ष के वंशुल, पन्द्रह वर्ष की चेताली, आठ वर्ष के अनमोल, पन्द्रह साल के रजत, व पन्द्रह रमन, दस साल कर रूद्र, पन्द्रह साल का ऐलन आदि को जिला अस्पताल लेजाकर भर्ती कराया। शकुंतला की हातल तो इस समय गंभीर बनी हुई थी बाकि उपचा रके दोरान अपनी ठीक स्थिति में आने लगे थे घटना के बाद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होने घटना की छानबीन की।

क्षेत्र के लोगों का कहना था कि यहां अंकुर फर्टीलाइजर फैक्ट्री है जिसमें तेजाब बनाने का काम होता है और लोगों का कहना है कि इस फैक्ट्री में कंडोम भी बनाए जाते है। लोगों का तो यह भी आरोप है कि इस फैक्ट्री की जहरीली गैस से यहां के लोग बीमार रहने लगे और कभी-कभी लोगों का गैस फैलने के कारण दम घुटने लगता है। यहां के लोग यह भी बता रहे है कि लॉकडाउन के समीप ही इस फैक्ट्री मे एक भयानक घटना हुई थी इसलिए यहां इकट्ठा हुए लोग अलग-अलग तरह से फैक्ट्री पर आरोप लगा रहे है। इस फैक्ट्री का मालिक पंजाब का रहने वाला बताया गया है जबकि घटना के समय इस फैक्ट्री के मैनेजर भी मौजूद नहीं मिल। फैक्ट्री में कई सौ मजदूर काम करते है। फिलहाल पुलिस ने ग्रामीणों की ओर से तहरीर लेकर उनके बयान भी दर्ज किए है और इलाज कराने को कहकर कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया है।



## तितावी पुल के निकट हादसे में माँ सहित बेटा-बेटी की मौत

**तितावी/मुजफ्फरनगर।** रविवार की शाम तितावी क्षेत्र के चिरवा टिल्ला तितावी पुल के निकट एक भयंकर हादसे में बाइक सवार माँ बेटे व बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे और मृतक भाई-बहन की एक माह बाद शादी होनी थी। इस घटना से परिवार मे ही नहीं पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चरथावल थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौहल्ला आलम नगर निवासी शमशाद ट्रक चलाता है बताया जाता है कि गत दिवस उसकी पत्नी 50 वर्षीय पत्नी शाहजहां, 22 वर्षीय बेटा सरताज तथा एक बेटी तितावी क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रविवार की शाम माँ, बेटे व बेटी अपने घर लौट रहे थे। जब वह तितावी क्षेत्र नहीं पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर तीनों को बुरी तरह रोंद डाला। इस भयानक हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह नाम-पते ज्ञात करते हुए घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। तो ग्रामीण व परिवार लोग मौके पर पहुंच गए लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली या ट्रक ने इस भयंकर हादसे को अंजाम दिया है फिलहाल पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

## साथी गंभीर, जानसठ पुल के निकट हुई दर्दनाक घटना

■ बीमार माँ को देखने के लिए आ रहा था मिलकर्मी

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार की देर रात जानसठ ब्रिज के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद डाला जिससे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा एक अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहा है। मृतक जानसठ रोड स्थित एक मिल में काम करते थे और घटना के समय वह बीमार मां को देखने के लिए जा रहे थे। काफी देर तक शव अज्ञात में रहे। पुलिस ने पहचान कराते हुए शव का पीएम करा दिया है।

कस्बा जानसठ के गांव खेडा चौगवा निवासी 40 वर्षीय दीपक पुत्र इलमचंद जानसठ रोड स्थित मिल में बॉलर रिपेयरिंग का काम करता था दीपक के साथ गांव का ही 25 वर्षीय अक्षय पुत्र जितेन्द्र भी काम करता है बताया जाता है कि कई दिन से वह एक मिल में काम कर रहे थे। रात के समय अक्षय के परिवार ने सूचना देकर बताया कि उसकी मां बीमार है यह खबर सुनकर अक्षय व दीपक रात्रि करीब एक बजे गांव की ओर चलने लगे। बताया जाता है कि जानसठ पुल के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंद डाला जिससे दीपक पूरी तरह वाहन के नीचे कुचला गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि अक्षय की भी हालत गंभीर थी उसको अस्पताल से रैफर कर दिया। रात भर शव अज्ञात में रहे किसी तरह पहचान होने पर पुलिस ने इसकी जानकारी मृतक के परिवार वालों को दी। सूचना के बाद दीपक के परिजन अक्षय के परिवार के साथ यहां पहुंचे, इस खबर ने दोनो के परिवारों में कोहराम मचा दिया था पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है औरघायल अक्षय भी जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहा है अब पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश कर रही है। मृतक दीपक पांच बच्चों का पिता था और उसके बडे भाई गुलशन की भी मौत हो गई थी।

# आशा कार्यकत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस जांच में जुटी

■ कुरालसी गांव निवासी डॉक्टर राजीव शर्मा की पत्नी जूली की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक आशा कार्यकत्री ने अपनी ही ससुराल में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। किसी ग्रामीण की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीहर के लोगों ने जमकर हंगामा किया तो पुलिस ने शव को पीएम हेतू भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी। बुढाना कोतवाली क्षेत्र के कुरालसी गांव निवासी डॉक्टर राजीव शर्मा की 34 वर्षीया पत्नि जूली आशा कार्यकत्री



मृतका का फाइल फोटो।

है। आरोप है कि कुछ माह पूर्व जूली की आशा के पद पर 50 हजार रुपये की रिश्वत लेकर नियुक्ति हुई थी।

जूली की शादी करीब 7 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके कोई संतान नहीं थी। उसके पति राजीव ने अपनी पत्नि जूली को दूर के डॉक्टरों को दिखाया और काफी रुपया बहाया लेकिन उनके कोई संतान नहीं हुई। उधर राजीव भी बीमार रहने लगा था। तब से जूली इन बातों से डिप्रेशन में रहने लगी थी।

बीती रात सब कुछ सही था, लेकिन आज रविवार की सुबह जैसे ही राजीव सोकर उठा तो उसने देखा कि उसकी पत्नि जूली पंखे में लगी रस्सी के फंदे पर झूल रही है। तब उसने शोर मचा दिया तो मौहल्ले के सैंकडों लोग मौके पर आ गये।

इसी बीच किसी ग्रामीण ने मृतका के परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दे दी तो वे कुछ देर बाद रोते हुए मौके पर पहुंचे और राजीव और उसके परिजनों पर जूली की हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया।

हंगामे की सूचना पर गढी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना, कोतवाल आनंद देव मिश्र मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

## लालू खेडी चौकी प्रभारी सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी ने लापरवाही बरतने पर तितावी थाना क्षेत्र के लालूखेडी चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जिले का कमान सम्भालने के बाद जनपद के सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने के निर्देश दिए थे। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए कहा था। रविवार शाम एसएसपी ने तितावी थाने की चौकी लालूखेडी के प्रभारी सोम प्रकाश को सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने बताया कि चौकी इंचार्ज की ड्यूटी के दौरान शराब पीने की शिकायत मिली थी। इस मामले की जांच सीओ फुगाना को सौंपी गयी थी। सीओ फुगाना की रिपोर्ट के आधार पर चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है।

# लाइफटाइम अचीवमेंट व यूथ आइकॉन पुरस्कार से सर्राफा व्यापारियों का सम्मान

## आईबीजेए मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया इब्जा कांन्क्लेव का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इब्जा मुजफ्फरनगर द्वारा इब्जा कांन्क्लेव का सफल आयोजन वर्ल्ड गोल्ड कॉउन्सिल एवं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), देहरादून शाखा द्वारा होटल स्वर्ण इन, मुजफ्फरनगर में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम एवं जेवेल्लर्स अवयरनेस प्रोग्राम सफल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर एवं वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक स्थानीय ज्वैलर्स और व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई तथा उसके पश्चात दो मिनट का मौन उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रखा गया जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। एवं देश रक्षा के लिए सभी ज्वेलर्स नें भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं देश के लिए हमेशा समर्पित रहने का संकल्प लिया

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वर्ण आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग, एचयूआईडी प्रणाली तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं के प्रति ज्वैलर्स और उपभोक्ताओं को जागरूक करना एवं ज्वेलरी बिजनेस मे आ रही अनेक समस्याओ को एक मंच पर रखकर उनका समाधान करना है। कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा हुई, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में ज्वैलर्स की भूमिका और हॉलमार्क युक्त आभूषण खरीदने के लाभ पर बल दिया।

सौरभ तिवारी, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस देहरादून ने गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए हॉलमार्क युक्त आभूषण खरीदने पर जोर दिया। उन्होंने हॉलमार्किंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे आभूषण खरीदते समय एचयूआईडी नंबर, कैरेट, और बीआईएस लोगो की जाँच अवश्य करें मुंबई से आये इब्जा के सेकंटरी सुरेंदर मेहता जी द्वारा जेवेल्लर्स को सरकारी नीतियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दीं गयी एवं

इस अवसर पर अनुराज रस्तोगी, प्रमुख उत्तर भारत, इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) ने स्वर्ण एवं बुलियन व्यापार से संबंधित हालिया नीतिगत विकास की जानकारी साझा की गयी इब्जा के द्वारा मुजफ्फरनगर के सराफा व्यापारीयों सतीश गोयल, मांगीराम , सुशील गर्ग, मनोज जैन, प्रदीप वर्मा , गोपाल वर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया एवं मुजफ्फरनगर के युवा व्यापारी पराग गोयल मनोज वर्मा संजय वर्मा मुकुल जैन राघव गोयल को युथ आइकॉन के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इब्जा के हमेशा मार्गदर्शक रहने वाले इब्जा के स्तम्भो को प्रदीप बंसल अजय स्वरुप जी अदीश जैन पुष्पेंद्र अग्रवाल सुरेंदर अग्रवाल प्रवीण वर्मा को मेंटर ऑफ जीम सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया मुजफ्फरनगर के उभरते युवा सराफ व्यापारीयों गौरव वर्मा सिद्धार्थ बंसल पंकज जैन पवन वर्मा पुनीत जैन पवन सिंघल शामली यश कपूर नितिन बंसल गौरव मित्तल गोरंग मित्तल अमित भोसले को राइजिंग स्टार 2025 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ कार्तिक पोरवाल नें माइंड वैलनेस साइकोलॉजीकल सेंटर दिल्ली से आकर अपनी टीम के साथ जेवेल्लेर्स को व्यापार के साथ मेन्टल हेल्थ कैसे ठीक रखनी है उसके बारे मे विस्तार से बताया उनकी टीम मे मुख्य रूप से डॉ स्वाति पिर्यदार्शनि एवं डॉ प्रीति गुप्ता रहे स

कार्यक्रम का सफल समन्वय श्रेय गोयल, अध्यक्ष, आईबीजेए मुजफ्फरनगर एवं मनोज पुंडीर, सचिव, आईबीजेए अभिनव वर्मा कोषाध्यक्ष नमन वर्मा सिद्धार्थ बंसल गौरव वर्मा मयंक बंसल रोहित वर्मा नितिन कुछल आदित्य जैन एवं समस्त इब्जा टीम मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया। बीआईएस ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे हॉलमार्क युक्त आभूषणों की प्रामाणिकता की जाँच के लिए बीआईएस केयर एप का उपयोग करें। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर नि:शुल्क उपलब्ध है।



मुजफ्फरनगर: सर्राफा व्यापारियों को शपथ दिलाते राज्यमंत्री कपिल देव।

# मामूली विवाद में बोला मकान पर धावा

■ बेहडा अस्सा में वीडियों वायरल होने पर पुलिस कार्यवाही शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिखेडा क्षेत्र के गांव बेहडा अस्सा में मामूली बात को लेकर चले आ रहे विवाद में कुछ लोगों ने एक मकान पर धावा बोल दिया।

इस मामले की वायरल हो रही वीडियों में एक व्यक्ति बंदूक से इस परिवार को धमका रहा है तो करीब आधा दर्जन नकाब पोश युवक बार-बार परिवार को चेतावनी देते दिख रहे है। मामले का संज्ञान एसएसपी ने लिया और उनके आद. ेश पर सिखेडा पुलिस ने बंदूक सहित एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

रविवार को एक वीडियो वायरल हो रही है जिसमें एक व्यक्ति गांव की गली में खुलेआम बंदूक से एक परिवार के मकान पर पहुंचकर उन्हे धमकी दे रहा है उक्त व्यक्ति के साथ आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश युवक है जो इस परिवार को कड़ी धमकी दे रहा है, हालांकि सूत्रों का कहना है कि घटना के समय यहां पर ईट-पत्थर पर भी चले है और फायरिंग भी चली है हालाकि फायरिंग की पुष्टी अभी नहीं कर रहे है, लेकिन वायरल वीडियों में बंदूक धारी व्यक्ति धमकी देता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल हुआ तो यह मामला पुलिस के संज्ञान में पहुंचा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए सिखेडा पुलिस को कडी कार्यवाही के आदेश दिए।

पुलिस ने बंदूक धारी व्यक्ति को बंदूक सहित हिरासत में लिया और यहां मौजूद करीब सात युवकों की तलाश पुलिस कर रही है। एसएसपी ने अपने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपियों के विरूद्ध 109 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ ग्रामीणों का कहना है मकान के रैम्प बनाने को लेकर दोनो पक्षों में विवाद चल रहा है और ट्रैक्टर से रैम्प तोडने के बाद मामला ओर बढ गया था इसके बाद मारपीट की घटना में परिवार का एक व्यक्ति भी घायल हुआ जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वीडियों वायरल होने से पुलिस की कार्यवाही हर जगह ही जोर पकड रही है। इसी कारण लोग वीडियों बनाकर उसे वायरल कर रहे है।

# सूरज ने फिर बरसाई आग, पारा बढ़ने से जन जीवन बेहाल

■ दोपहर में सड़के हो रही विरान, शाम को बाजारों में बढ़ी आवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरनगर। पिछले चार दिनों की राहत के बाद मौसम ने फिर रंग बदल लिया है और बेसन गर्मी का दौरा को चलने के साथ ही फिर से शुरू हो गया है दिन का तापमान बढकर 37 डिग्री को पार कर गया है। इन दिनों गर्मी काफी परेशान कर रही है। आसमान से आग बरसाती गर्मी व उमस बढघ्ने के कारण लोगों की परेशानी बढती जा रही है।

दोपहर के समय लोग घर से बाहर निकलने में परहेज कर रहे हैं। दिन में बाजारों में भी इक्का दुक्का ग्राहक ही दिखाई दे रहे हैं। बाजारो में शाम के समय रौनक लौटती है। इन दिनों गर्मी रौद्र रूप दिखा रही है। तापमान में वृद्धि लोगों को परेशान कर रही है। तापमान भी दिन-प्रतिदिन बढता ही जा रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर के समय सडकों पर आवागमन कम नजर आया, जबकि शाम होने पर ही बाजारों में रौनक दिखी।

शाम के समय ही लोग खरीददारी करने निकल रहे हैं। दिन में लोग अत्यधिक गर्मी होने के कारण बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। छोटे घरों में लोगों को भारी परेशानी इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू चलने के कारण घरों की दीवारें सुबह से ही तपने लगती हैं। छोटे घरों में दिन में अधिक तपिश बढ जाती है, जिस कारण उसमें रहने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।



मुजफ्फरनगर: गर्मी से बचाव को चेहरा ढक कर जाती युवती।

# सीएम डैशबोर्ड में जिले को मिली चौथी रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सीएम डैशबोर्ड को लेकर लखनऊ माह में अप्रैल माह के कार्यो की समीक्षा हुई है। जिसमें जनपद की स्थिति काफी अच्छी रही है। सीएम डैशबोर्ड में पूरे प्रदेश में मुजफ्फरनगर की चौथी रैंक आयी है। रेवेन्यू में 4वां और डेवलपमेंट में 19वां स्थान मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर से अनुश्रवण के लिए एक केन्द्रीयकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया। इस पोर्टल को सीएम डैशबोर्ड नाम दिया गया। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं विभाग की योजनाओं परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग निश्चित की जा रही है।

संबंधित विभाग के द्वारा इस पोर्टल पर अपने आंकडे भरे जाते है। सीएम डैशबोर्ड करीब 60 मापदंडों पर आधिरित है। जिसमें विकास और राजस्व आदि के आंकडे भी दिए जाते हैं। प्रदेश में विभिन्न विभगों की सेवाओं, योजनाओं आदि को ऑनलाइन इंटीग्रेट करते हुए मुख्यमंत्री के अवलोकनार्थ तैयार किया जाता है। सीएम डैशबोर्ड की प्रत्येक माह समीक्षा की जाती है। पिछले कई माह से खराब स्थिति को लेकर डीएम ने सख्ती करते हुए अधिकारियो को कार्य शैली में सुधार करने के निर्देश दिए थे। इस कारण जनपद की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। लखनऊ स्तर पर अप्रैल माह की समीक्षा हुई है। जिसमें जनपद की पूरे प्रदेश में चौथी रैंक आयी है। वहीं रेवेन्यू में 4वां और डेवलपमेंट में 19वां स्थान मिला है।

# चार बच्चों की माँ प्रेम प्रसंग के चलते भांजे के साथ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बा मीरापुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक विवाहित महिला अपने ही भांजे के साथ प्रेम प्रसंग के चलते घर छोड़कर फरार हो गई। बताया जा रहा है कि महिला चार बच्चों की मां है और उसका अपने भांजे के साथ पिछले कुछ समय से प्रेम संबंध चल रहा था।

महिला के पति के अनुसार, वह अचानक बिना किसी सूचना के घर से लापता हो गई। पति ने उसे रिश्तेदारी और अन्य स्थानों पर काफी तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। काफी खोजबीन के बाद जब कुछ जानकारी नहीं मिली, तो पीड़ित पति ने मीरापुर थाने में जाकर भांजे के खिलाफ तहरीर दी और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर भांजे ने अपने साथ भगा लिया है, जिससे उसका घर उजड़ गया है और चार छोटे-छोटे बच्चे मां के बिना परेशान हैं। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला व भांजे की तलाश की जा रही है। सामाजिक मर्यादाओं के तार-तार होने से मध्यम वर्गीय लोग बेहद चिंतित है तथा ऐसी वारदातों पर रोक लगाने के लिए विचार भी कर रहे है।

# 4 दिनों में 9 मुठभेड़, 11 बदमाश हुए लंगड़े

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस बदमाशों पर कहर बनकर टूट रही है। पिछले चार दिनों में पुलिस का नौ बार बदमाशों से आमना-सामना हुआ और 11 बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में लंगडे हुए। इनमें इनामी बदमाशों से लेकर कई लुटेरे शामिल हैं, जो काफी समय से पुलिस के रडार पर थे। सात मई को एसएसपी संजय कुमार ने जिले की कमान संभाली थी और पहली ही क्राइम मीटिंग में अधिकारियों से स्पष्ट कर दिया था कि बदमाशों की जगह जेल में है। लिहा. जा बदमाशों की कमर तोडने के लिए व्यापकस्तर पर अभियान चलाया जाया। आठ मई को बुढाना थाना पुलिस ने मुठभेड के दौरान जवाबी कार्रवाई में इरशाद उर्फ काला निवासी अलीपुर अटेरना गांव छाना बुढाना को लंगडा किया। इसी दिन ककरौली पुलिस का दो बदमाशों से आमना-सामना हुआ और पैर में गोली लगने से साबू उर्फ साबूद्दीन निवासी हरिजन पट्टी थाना दौराला जिला मेरठ व विजय उर्फ गुड्डु निवासी मोहल्ला विक्रमपुरा कस्बा व थाना दौराला जिला मेरठ पैर में गोली लगने से घायल हुए। इसी दिन मंसूरपुर थाना पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड हुई और जवाबी कार्रवाई में 15 हजारी इमरान उर्फ शाहनूर व सलमान निवासीगण जसौडा गांव थाना मुंडाली पैर में गोली लगने से घायल हुए। आठ मई को ही खालापार पुलिस की वाहन चोर से मुठभेड हुई और जवाबी कार्रवाई में गुफरान निवासी एक मीनार मस्जिद बघरा थाना तितावी पैर में गोल. ीलगने के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने उससे हरियाणा से चोरी की गई टाटा-407 बरामद की। नौ मई को नगर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड के बाद इनामी बदमाश परवेज सैफी निवासी मक्कीनगर मस्जिद के पास थाना खालापार को गोली लगने का बाद गिरफ्तार किया। इसी दिन मंसूरपुर थाना पुलिस ने मुठभेड के बाद गैंग्सटर शानू निवासी जसौडा गांव थाना मुंडाली जिले मेरठ को गिरफ्तार किया, जो पैर में गोली लगने से घायल हुआ था। इसी दिन नई मंडी कोतवाली पुलिस की 20 हजारी बकरी लुटेरे से मुठभेड हुई और पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, जबकि उसका साथी भाग गया था। दस मई को मीरापुर थाना पुलिस ने मुठभेड के बाद हिस्ट्रीशीटर शराफर निवासी पक्का तालाब कस्बा व थाना मवाना जिला मेरठ को पैर में गोली लगने का बाद पकडा। 11 मई यानि रविवार को भोपा थाना पुलिस की हरिद्वार व गौतमबुद्धनगर में कई वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाश से आमना-सामना हुआ और पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश अफजल निवासी इस्लाम नगर कस्बा व थाना खतौली पैर में गोली लगने से घायल हुआ।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# सप्ताह बाद लापता कोचिंग सैंटर संचालक का शव गंग नहर मे मिला

**युसुफपूर निवासी अनिरुद्ध परिवार सहित शांतिनगर में रहता था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बीते सोमवार को लापता हुए कोचिंग सैंटर संचालक अन्नू चौधरी का शव रविवार की शाम भोपा के निकट गंग नहर मे बहता हुआ दिखाई पड़ा जिसके बाद गोताखोर की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। परिजनों की शिनाख्त के बाद पुलिस द्वारा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। अन्नू चौधरी की मौत से परिवार मे मातम छाया हुआ है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी अनिरुद्ध उर्फ अन्नू चौधरी वर्तमान मे मुजफ्फरनगर के शान्ति नगर कॉलोनी मे परिवार संग निवास करते थे। अन्नू चौधरी भोपा के निकट यूसुफपुर गांव मे अन्नू क्लासेस के नाम से कोचिंग सेंटर संचालित करते थे। बीते पांच मई की दोपहर अन्नू चौधरी सेंटर पर जाने के लिये मुजफ्फरनगर से निकले थे। शाम पांच बजे के लगभग उनकी बाइक, मोबाईल, जूते व बुक्स आदि क्षेत्र के निरगा. जनी झाल के पास गंगनहर पटरी के पुरकाजी मार्ग पर पड़े मिले थे। जहां खेत मे काम कर रहे किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जहां पुलिस को बाइक व एक थैले मे रखा मोबाइल व किताबें तथा जूते रखे मिले। डूब जाने की आशंका को लेकर पुलिस ने परिजनों संग पीएसी के गोताखोरों के साथ गंग. नहर में युवक की तलाश शुरू कर दी थी। की रविवार की बेलड़ा गंग नहर मे ग्रामीणों ने एक शव बहता हुआ देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। जिसकी शिनाख्त परिजनों द्वारा अन्नू चौधरी के रूप मे की गयी। जिसके बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। अन्नू चौधरी की मौत से परिवार मे मातम पसरा हुआ है। पिता जगपाल सिंह, माता कमलेश देवी, पत्नी पूजा, पुत्री श्वेता व पुत्र विश्वजीत का रो रोकर बुरा हाल है।

# नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे, दोनों को बचाया

**बुढ़ाना।** सर्किल बुढाना के गांव हुसैनाबाद भनवाडा में स्थित काली नदी में नहाने गये हुए दो बच्चे डूब गये। जिनमें से एक बच्चे को गोताखोरों ने तुरंत बचा लिया जबकि दूसरे बच्चे को कई घंटों की मशक्कत के बाद तलाश कर लिया गया। चर्चा है कि दूसरे बच्चे की भी सांस चल रही है और परिजन बच्चे को बुढाना के हस्पताल में लेकर गये हैं। समाचार लिखे जाने तक कई घंटे पानी में डूबे बच्चे की सांसें चल रही थी और गांव के लोग बच्चे के लिए दुआएं कर रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाडा के जंगल की और निकल रही काली नदी में आज रविवार की देर सायं गांव के कुछ बच्चे नदी में नहाने के लिए गये हुए थे। जिनमें सबसे पहले पानी में उतरे गांव हुसैनाबाद के ही दो बच्चे 09 वर्षीय आमिर पुत्र इकराम अली और दूसरा बच्चा 10 वर्षीय चांद पुत्र फुरकान अली नहाते समय पानी में डूबने लगे तो अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया तो आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने दौडकर नदी में छलांग लगाकर एक बच्चे चांद को तो बचा लिया जबकि दूसरा बच्चा लगभग डेढ घंटे की मशक्कत के बाद पानी के अंदर बेहोश पडा मिला। जिसकी सांसें चल रही थी तो बच्चे को मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस के माध्यम से आनन फानन में बुढाना हस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर आज रविवार की देर रात समाचार लिखे जाने तक भी बच्चे का उपचार चल रहा था और बच्चे की सांसें चल रही थी। बच्चा लगभग डेढ घंटा पानी के अंदर रहा और उसके बाद भी उसकी सांसें चलने की बात सामने आई तो लोग अचंभित हुए बिना नहीं रह सके। इस दौरान मौके पर सैंकडों लोगों की भीड जमा हो गयी थी। सीओ बुढाना गजेंद्र पाल सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चों के परिजनों से घटना की जानकारी ली और उनको सांत्वना दी।

# शादी समारोह में गए युवक का नाले में पड़ा मिला शव

**सैदपुरा कलां निवासी सुशील कुमार के रूप में हुई पहचान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थानाक्षेत्र में रात्रि शादी समारोह में गए युवक का शव गांव के नाले से बरामद हुआ है। पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन किसी तरह की अनहोनी की आशंका जता रहे है। मृतक युवक सैदपुरा कला का रहने वाला था। तथा बधाई कला शादी समारोह में गया था।

चरथावल थाना क्षेत्र गांव बधाई कला के नाले में रविवार सुबह युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला तो उसकी पहचान पेतीस वर्षीय सुशील कुमार निवासी ग्राम सैदपुरा कला के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन भी रोते-बिलखते घटनास्थल पर आ गए। ग्राम वासियों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 एवं चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से बातचीत के आधार पर बताया कि सुशील शनिवार रात में एक शादी में भाग लेने के लिए बधाई कलां गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में ही मौत की वजह साफ होने की उम्मीद है।



भोपा: गंगनहर के किनारे शव को देखने के लिए उमड़ी भीड़।

## स्कूल में देशभक्ति का अनुठा संगम, बच्चों ने मां एवं मातृशक्ति को किया नमन

**चरथावल।** कस्बे के बाजार कला में पावटी रोड स्थित सनशाइन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक अभिषेक बंसल व प्रिंसिपल रचना जैन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ गीत के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका घर में मां की भूमिका प्रस्तुत किया गया। जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही बच्चों ने मातृत्व प्रेम पर एक शानदार झांकी प्रस्तुत की। इसके अलावा नन्हे मुन्ने बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम भाषण, गीत, कविताएं की प्रस्तुति दी उज्जवल, रुद्राक्षी, अरहम, दीक्षा, अक्षा, शिझा, नादिर, शाजिया, फाबिहा, माहिरा हमदान, दानियान इजहान, सुहेल शुभ, काव्या, दानिश, अंशी, सुफियान, आदि बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए प्रिंसिपल रचना जैन ने कहा कि मां ईश्वर का रूप होती है। बच्चे की प्रथम गुरु होती है। हमे सदा मां का सम्मान करना चाहिए। हमें कभी भी उसका दिल नहीं दुखाना चाहिए, क्योकि माता जीजाबाई के संरक्षण में रहकर शिवाजी वीर शिवाजी बने। प्रबन्धक अभिषेक बंसल ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। यहां प्रधानाचार्या रचना जैन, तनु गोयल, शिप्रा रानी,हिमानी वर्मा, खुशी त्यागी, आराधना सिंघल, साक्षी त्यागी आदि मौजूद रहे।

# श्री राम पॉलिटेक्निक में सायनारा प्रोग्राम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम पॉलिटेक्निक, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर के अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए सायोनारा गैट टूगेदर का आयोजन किया गया। जिसमें पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के फाउंडर चेयरमेन डॉ एससी कुलश्रेष्ठ, कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ अश्वनी कुमार एवं समीपवर्ती गावों के प्रधान सुभाष त्यागी ग्राम प्रधान बेगमपुरा, आरिफ ग्राम प्रधान बहेड़ी, धर्मेन्द्र कुमार ग्राम प्रधान बधाई कला, अबुजर सैयद हसन ग्राम प्रधान बझेड़ी, संजय ग्राम प्रधान कल्लरपुर ने दीप प्रज्जवलित के साथ किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अमन, पीयूष, वासु, आदित्य, शेरसिंह, क्रिस,



हेमन्त, अभय, नमन, आर्यन, हिमांशु, योगेश और गौरव और अयान नें गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी । इस अवसर पर अनन्या, लक्ष्मी, अंशी, मनीषा, कनिष्का और राधिका ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अवंतिका और निशांत नें सोलो डांस कर छात्र/छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बैलून, म्युसिकल चेयर, कैट वॉक आदि जैसे खेल शामिल किए गए। संचालन में स्नेहलता गर्ग का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मिस गुनगनु त्यागी एवं मिस काजल धनगर ने मिस्टर फिट नमन त्यागी एवं मिस गॉर्जियस अन्यना चौधरी को चुना गया। चेयरमैन डॉ एससी कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ अश्वनी कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जोनी कुमार, नितिन गुप्ता, छवि, शुभम गुप्ता, नितिश कुमार गोयल, विवेक धीरयान, मुकुल पुलस्ताया, विक्रांत पांचाल, विपुल कुमार, पंकज कुमार, श्रेया शर्मा, दिव्या गुप्ता, सुगंधा शर्मा, प्रवेन्द्र कुमार, सूरज प्रताप आदि का योगदान रहा।

# व्यापारी नेता कंछल का दौरा 14 मई को




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन आज दिन रविवार में आर्य समाज मन्दिर पर हुआ स इस बैठक में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल कंछल के मुजफ्फरनगर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के जिला कोषाध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दौरा चल रहा है इसी क्रम में मुजफ्फरनगर जनपद में प्रांतीय अधयक्ष बनवारी लाल कंछल का कार्यक्रम 14 मई को प्रस्तावित है । अमित गोयल ने बताया कि यह संगठन प्रदेश का सबसे पुराना 52 साल पुराना व्यापा. रिक संगठन है जिसकी समस्त उत्तर प्रदेश में कार्यकारिणी गठित है स उन्होंने बताया कि संगठन से जुडे सभी व्यापारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल कंछल के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर की जा रही है स संघठन के नगर महामंत्री मनीष बंसल ने बताया की प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को मुजफ्फरनगर जनपद के व्यापारियों को हो रही समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी दिया जाएगा जिससे की प्रांतीय अध्यक्ष मुजफ्फरनगर जनपद के व्यापारियों की समस्याओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा सके एवं उनका निराकरण करा सके स नगर महामंत्री मनीष बंसल ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंचन के साथ वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री नवीन मक्कड भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस दौरे में उनके साथ रहेंगे ।

आज की बैठक में जिला अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष अमित गोयल नगर अध्यक्ष विकास अग्रवाल नगर महामंत्री मनीष बंसल नगर कोषाध्यक्ष कुशाग्र शर्मा नगर युवा अध्यक्ष कार्तिक जोहरी रुड़की रोड उपाध्यक्ष मनोज पाल, सहाबुद्दीन पुर रोड अध्यक्ष रमेश पांचाल, दिनेश त्यागी, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष कपिल कुमार गुप्ता, विधि प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष शिवम तायल, नगर उपाध्यक्ष अंकुर गुप्ता एवं नगर मंत्री डो आदेश कुमार संगल उपस्थित रहे।

# दिव्य योग ध्यान आश्रम पर अखण्ड रामायण पाठ का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज के सन्यास दीक्षा प्राप्त करने का प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पचेंडा रोड स्थित दिव्य योग ध्यान आश्रम पर आयोजित अखण्ड रामायण का समापन हुआ। इसके पश्चात आरती, भोग व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज के सन्यास दीक्षा प्राप्त करने का प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को दिव्य योग ध्यान आश्रम पर अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ किया गया था। अखण्ड रामायण पाठ रविवार को प्रात: 6 बजे समापन व पूजन किया गया। इससके बाद कीर्तन, हवन, आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन प्रात: 11 बजे किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज, स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज, पंडित के. के. शर्मा, ऊषा शर्मा, पंडित ऋषभदेव शर्मा, पंडित ऋषकदेव शर्मा, राजकुमार तायल, रजत तायल, नरेन्द्र उपाध्याय, मास्टर सोहनबीर सिंह, महेंद्र उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, मांगेराम त्यागी, रोमित शर्मा, पंकज शर्मा, मास्टर नीरज त्यागी, साक्षी, गोपाल शर्मा, रमेश ठाकुर, नितिन कुमार और पंडित अंशुल शर्मा समेत भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।



# होली चाइल्ड में तीन दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**किसी न किसी विषय को छात्र जरूर बनाए अपना पसंदीदा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कालेज में विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास निर्माण एवं कौशल वृद्धि विषय पर चल रहे तीन दिवसीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर पब्लिक स्पीकर कुलविन्द्र कौर ने कक्षा 6 से कक्षा आठवीं तक के बच्चों को पुनरावृत्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को गृह कार्य का महत्व बताते हुए बच्चों से उनके पंसदीदा गृह कार्य के बारे में जानकारी ली। वहीं, किस प्रकार गुणवत्तापूर्ण गृह कार्य किया जा सकता है विषय पर कार्यकुशलता में भी वृद्धि विद्यार्थियों को समझायाई। कार्यक्रम



के अंतिम दिन कुलविंद्र कौर ने बताया कि अपना एक पंसदीदा विषय अवश्य चुने, क्योंकि हर किसी को सभी विषय पंसद नहीं आते, लेकिन किसी विषय को अपना दोस्त बनाओ, जिससे कि आप धीरे-धीरे सभी विषयों को अपना सको।

इसके बाद आथर शैरी ने कक्षा 10 से कक्षा 12वीं तक विद्यार्थियों को सर्वप्रथम अच्छा वक्ता बनने के गुर बताए। बताया कि पब्लिक स्पीकिंग से न सिर्फ आपकी एंग्जायटी और बैचेनी दूर होती है, बल्कि यह आपके आत्मविश्वास व आपके आत्मसम्मान को भी बढाता है। इस दौरान झिझक छोडघ्ने, श्रद्धा और समर्पण कायम करने सहित अनेकों जानक. ारी विद्यार्थी को दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया एवं रीटा दहिया ने ऑथर शैरी और उनकी सहयोगी कुलविन्द्र कौर को सम्मानित किया। कार्यक्रम सफल बनाने में नितिन बालियान, प्रितम कुमार मिश्रा, सचिन कश्यप, सतकुमार, धीरज बालियान, रजनी शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# भावपूर्ण प्रस्तुति देकर बच्चों ने माताओं का मन मोहा

**बच्चों ने माँ की महिमा को दिए अपने स्वर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चिल्ड्रन एकेडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदर्स डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर माताओं के सम्मान में एक भावपूर्ण प्रस्तुतियां नन्हें-मुन्हें बच्चों ने दी। माताओं ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों के प्रति स्नेह का परिचय दिया। मदर्स डे कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल और उप प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की।

इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल कार्यक्रम में पहुंची माताओं और विद्यार्थियों को कहा कि माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन का आधार है। उनका प्रेम और त्याग हमारे जीवन की नींव हैं, जिन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है।

इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य- घनी खम्मा, मुझे माफ करना ओम साई राम, अम्मा की आंखों का तारा, गीत, कविता पाठ और नाटक शामिल रहे।

बच्चों ने अपनी माताओं को समर्पित आत्मीय शब्दों में भावनाएं व्यक्त कीं, जिसने माहौल को भावुक और स्मरणीय बना दिया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने बच्चों से कहा कि मां के प्रति प्रेम केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हर दिन उन्हें सम्मान और स्नेह देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपनी माताओं के लिए हाथों से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड्स, उपहार और भावनात्मक पत्र भी भेंट किए गए। माताओं की आंखों में आंसू और मुस्कान की झलक साथ-साथ दिखाई दी।

# भंडारे के साथ श्री बालाजी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** श्री बालाजी धाम एव श्री शिव मंदिर कादो दिवसीय वा वार्षिकोत्सव संकट मोचन हवन और रात्रि जागरण वभंडारे के साथ समापन हो गया है इस अवसर पर हजारों की तादाद मे श्रद्धालुओ द्वारा भन्डारे मे प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया गया है

श्री बालाजी धाममंदिर सेवा समिति के तत्व धाम मेंमंदिर संस्थापकपंडित घनश्याम दास शर्मा उर्फ गुरुजीके सानिध्यऔर मार्गदर्शन में आयोजित श्री बालाजी धाम एवं श्री शिव मंदिर का दो दिवसीय 11 वाँ वार्षिकोत्सव भारी आस्था और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया है इस अवसर पर श्री बाला जी का दिव्य श्रृंगार श्री बालाजी की विशाल शोभायात्रा भव्य जागरण छप्पन भोग संकट मोचन हवन कन्या पूजन रात्रि जागरण आदि धार्मिक कार्यकम आयोजित किये गये तथा रविवार अपराह कन्याओ को जिमा कर दक्षिणा (उपहार) भेंट कर विशाल अटूट भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया जिसमे कस्बे एव क्षेत्र के ग्रामीण आंचलो सहित दूर दराज से हजारो श्रद्धालुओ द्वारा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

इस मौके पर डॉक्टर संदीप वर्मा निखिल शर्मा आयुष शर्मा पारस गोयल अमित गोयल पप्पू विमान हरिराम सक्सेना आशीष गोयल शिवकुमार पाल सागर सिरोही आदि हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।



# नगर सृजन में आए बजट का दो निकायों को देना होगा हिसाब

**खतौली-मुजफ्फरनगर के सीमा विस्तार के बाद शासन की पहल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को लेकर शासन ने दो नगर पालिकाओं से हिसाब मांगा है। शासन ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कितना पैसा आया और कितना विकास कार्यों पर खर्च हुआ इस संबंध में डाटा मांगा है। जनपद की मुजफ्फरनगर और खतौली नगर पालिका को तीन साल का डाटा शासन को भेजना है। जनपद में मुजफ्फरनगर और खतौली नगर पालिका की सीमा विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत दोनों नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में विकास कार्य कराए गए है। शासन ने वर्ष 2022 से 2024 तक का दोनों निकायों से डाटा मांगा है। जिसमें दोनों नगर पालिकाओं से नगर सृजन योजना के तहत कितना पैसा आया और विकास कार्यों पर कितना खर्च हुआ है इस संबंध में जानकारी मांगी गई है। वहीं नगर सृजन योजना को लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्या कार्य योजना इसकी भी जानकारी मांगी है। शासन को उक्त बिन्दुओं पर जानकारी देने के लिए दोनों नगर पालिकाओं ने डाटा तैयार करना शुरू कर दिया है। इससे दोनो ही नगर पालिकाओं में सरगर्मियां तेज हो गई है। कर्मचारी शासन को भेजने के लिए रिपोर्ट तैयार करने में जुटे हुए है। यह बात भी गौर करने लायक है कि सीमा विस्तार में शामिल हुए ग्रामीण फिलहाल विस्तार की हल्की रफ्तार से खुश नजर नहीं आ रहे है।

**सूचना**

सिद्धार्थ पी.जी. व विधि (लॉ) महाविद्यालय आखलौर खेडी, ग्राम-आखलौर खेडी, तहसील- देवबन्द, जनपद- सहारनपुर- 247554 (उ.प्र.) भारत (सम्बंद्धता:- माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुँवारका, सहारनपुर) में विभिन्न रिक्त पदो पर नियुक्ति हेतु योग्य पुरुष / महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जिनका विस्तृत विवरण वेबसाईट

**www.sdcollegeakhlorkheri.com पर देखें।**

**सम्पर्कसूत्र-9411670619**

**(चेयरमैन)**

# गमगीन माहौल में उठे खाईखेड़ा के साहिब व आयशा के जनाजे

**■ उपजिलाधिकारी ने ली जानकारी, अंतिम यात्रा मे गणमान्यों ने की शिरकत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कश्मीर के राजौरी में पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन हमले में गांव खाईखेडा निवासी मौ. साहिब व उसकी भतीजी आयशा नूर की मौत हो गई थी। रविवार को गमगीन माहौल में दोनों के शवों को सुपुर्द खाक कर दिया गया।उपजिलाधिकारी ने आवश्यक जानकारी की। वहीं गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम यात्रा मे शिरकत कर परिजनों को सांत्वना दी।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खाई खेडा निवासी मौ. साहिब व उसकी दूध मुंही भतीजी आयशा नूर



की कश्मीर के राजोरी मे शनिवार की सुबह पाकिस्तान द्वारा किये गये हमले मे मौत हो गयी थी। रविवार की सुबह दोनों के शव गांव पहुंचे, जहां उन्हें गमगीन माहौल मे सुपुर्दे खाक किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खाईखेड़ा निवासी शाहिद के चार बेटे जम्मू-कश्मीर के राजौरी में वाहनों मे डेटिंग कार्य व सेलून मे नाई का काम करते थे।

पहलगाम में आतंकवादीयो द्वारा 26 भारतीय पर्यटकों की हत्या के बाद जारी तनाव व भारत द्वारा आपरेशन सिंदुर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया था जिसके बाद पाकिस्तान द्वारा भारत पर किए गए कायराना ड्रोन हमलों में गांव खाईखेडा के मौ.साहिब व उसकी 20 माह की भतीजी आयशा नूर की मौत हो गई थी। रविवार की सुबह दोनों के शव खाईखेडा पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया गमगीन माहौल में मौ.साहिब व आयशा नूर को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

इस दौरान सपा नेता मुखिया गुर्जर,सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पुर्व विधायक मौलाना जमील अहमद, प्रधान शहजाद मुखिया, कांग्रेस जिला सचिव विनोद गुर्जर, पूर्व प्रधान वसीम, जिला पंचायत सदस्य संजय रवि, रालोद के शाहआलम एम आई एम जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान, ऐडवोकेट फरमान आदि ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी है।

## जम्मू कश्मीर सरकार देगी दस लाख

**मोरना।** खाईखेड़ा के मृतकों को जम्मू कश्मीर सरकार दस लाख की सहायता राशि देगी जिसके संबंध मे उपजिलाधिकारी ने मृतकों के परिजनों से आवश्यक जानकारी की है।

उपजिलाधिकारी जानसठ जैनेंद्र सिंह ने जानकारी देकर बताया कि जम्मू कश्मीर सरकार ने राजोरी के मृतकों को दस लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।इस संबंध में राजौरी के डिप्टी कमिश्नर अथवा जिलाधिकारी द्वारा मुजफ्फरनगर के अपर जिलाधिकारी वित्त से संपर्क किया गया जिनके आदेश अनुसार गांव खाईखेडा में आकर मृतक परिवारों के परिजनों से जानकारी की गई जहां मृतक मौ. साहिब की पत्नी फरहीन का बैंक खाता नहीं है।मंगलवार को बैंक खाता खुल जाएगा। जिसके बाद आगे की प्रकिर्या होगी। वहीं आयशा नूर के परिजनों का बैंक खाता नंबर लिया गया है।

# अलग-अलग हादसों में 26 दिन में 12 लोगों की मौत

**■ तीन लोग कर चुके हैं आत्महत्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढाना।** कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न हादसों में 26 दिनों में 12 लोगों की मौत हुई। जिनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें सडध्क हादसे में, 3 लोगों ने सुसाइड, 2 लोग करंट से, 1 वृद्ध की जलने से और 1 किशोर की मौत जहरीले सर्प के काटने से हुई। जिनमें बीती 15 अप्रैल को गांव उमरपुर में मंगता राणा की जलकर मौत हुई। बीते 19 अप्रैल को गांव दुर्गनपुर के हरपाल व सफीपुर पटी की इमाम बानो की फुगाना क्षेत्र में एक सडक हादसे में मौत हो गयी। बीती 21 अप्रैल को बागपत जिले के फिरोज की गढी में रेस लगाने के दौरान सडक हादसे में मौत हो गयी।

बीते 22 अप्रैल को गांव उमरपुर में काजल सैनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 24 अप्रैल को गांव कुर्थल निवासी युवराज की ट्रेक्टर के नीचे दबकर मौत हो गयी। बीते 30 अप्रैल को गांव हुसैनपुर कलां के नूर मौहम्मद की सडक हादसे में मौत हो गयी। बीते 3 मई को गांव रसूलपुर दभेडी के अमन की जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गयी। बीते 3 दिन पूर्व बुढाना निवासी आदेश प्रजापति और दो दिन पूर्व गांव लुहसाना के गौरव सैन की करंट लगने से मौत हो गयी। बीते कल गांव कुरालसी निवासी रोहित व आज इसी गांव की जूली शर्मा ने आत्महत्या कर ली। कुल मिलाकर 26 दिन में 12 मौतें हुई हैं।



मोरना: गंगाघाट की सफाई करातीं तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता।



मोरना: गन्दगी और मलवा हटाकर घाटो का बनाया जा रहा है चौड़ा।




मुजफ्फरनगर। सुजडू स्थित एमए कॉन्वेंट स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कक्षा यूकेजी की छात्रा जुनैरा इस्लाम मदर्स डे के अवसर पर प्रस्तुति देती हुई।

## कार से टकराकर बाइक सवार घायल

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर रविवार को एक बाइक और कार की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा मीरापुर क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी के निकट हुआ। जानकारी के अनुसार मवाना निवासी राजा पुत्र राजेंद्र अपनी बाइक से बिजनौर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम शिवपुरी के पास पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजा सड़क पर गिर गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत जानसठ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## नाबालिग को ले जाने वाले युवक जेल रवाना

**मोरना।** नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी व्यक्ति ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री कक्षा 12 की छात्रा है। गत सोमवार की सुबह 8 बजे उसकी पुत्री घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी।

इसी दौरान थाना छपार क्षेत्र के गांव खुढा निवासी सोनू उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर गलत नीयत से अपने साथ कहीं ले गया। जब स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी जब उसकी पुत्री घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसे इधर उधर तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी सोनू के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# तहसीलदार जानसठ ने शुकतीर्थ गंगा घाट पर किए जा रहे सफाई कार्य का किया निरीक्षण

**■ नवागंतुक तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने तहसील अधिकारियों के साथ मिलकर की गंगा में सफाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में गंगा घाट से सिल्ट व मिटी को हटाने का कार्य चल रहा है। जेसीबी से खुदाई कर घाट से सिल्ट व मिट्टी को बाहर निकाला जा रहा है। रविवार को नवागंतुक तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता व नायब तहसीदार ब्रज. ेश सिंह ने गंगा घाट पर हटाई जा रही सिल्ट व मिट्टी आदि के कार्य का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता अभियान के तहत गंगा से जलकुम्भी निकालकर साफ सफाई की। वहीं घाट को स्वच्छ रखने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि गंगा की सफाई हमारी प्राथमिकता में है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आद. ेशानुसार गंगा घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक रविवार को गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों आदि के सहयोग से गंगा व गंगा घाट पर साफ सफाई की जाती है। रविवार को नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, गंगा सेवा समिति के महामंत्री डॉ. महकार सिंह, मैनेजर देवेन्द्र आर्य, पं0 विनोद शर्मा, चौ. सुरेन्द्र सिंह के साथ गंगा घाट, शुकदेव सेतु, बांध, संगम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा गंगा से जलकुम्भी निकाली गई। वहीं अधिकारियों ने कर्मचारियों को घाट के सामने से मिट्टी हटवाने के निर्देश दिए।

# पाक समर्थन की वीडियो वायरल करने वाला अरेस्ट

**■ हिन्दू संगठनों के प्रदर्शन के बाद जीशान को किया गया गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक युवक ने सोशल मीडिया पर देश के दुश्मन पाकिस्तान के समर्थन की एक वीडियो वायरल करते हुए हिंदू संगठनों में उबाल ला दिया। माहौल को देखते हुए बुढाना पुलिस ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी को पकडकर पूछताछ शुरु कर दी है। बताया जाता है कि इस वायरल वीडियो में भगवान के प्रति कुछ अपशब्द भी बोले गये हैं और आरोपी ने इसे अपनी फेसबुक आईडी पर शेयर करते हुए हिंदू धर्म की भावनाओं का माखौल उडाने का भी काम किया। इस तरह का आपत्तिजनक वीडियो कस्बा बुढाना निवासी जीशान नामक युवक की आईडी से शेयर किया गया। बुढाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जीशान को अरेस्ट कर लिया है। इससे पूर्व पुलिस जीशान की तलाश में लग गयी थी और कस्बे में रहने वाले जीशान नाम के सभी युवकों की फेसबुक आईडी बारीकी से चेक करने का काम शुरु कर दिया था। वायरल वीडियो को लेकर हिंदु संगठनों में काफी गुस्सा था और वे आरोपी जीशान की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

उधर बुढाना पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी जीशान को पकड लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी जीशान से पूछताछ कर रही है।

# बुढ़ाना मार्ग पर जलभराव से स्कूली नौनिहाल बेहाल

**■ इस लापरवाही से पालिका सवालों के घेरे में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना मार्ग पर जलभराव ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे गंदे पानी से लबालब सडकों से गुजरने को मजबूर हैं। स्थिति इतनी खराब है कि बारिश न होने के बावजूद नालों का गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। स्कूल प्रशासन और अभिभावकों में नगर पालिका के प्रति आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों में की जा रही है, जबकि जध्मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। स्कूली बच्चों के लिए यह जलभराव न सिर्फ असुविधा का



कारण बना है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन चुका है। पालि. का की लापरवाही की जीती जागती मिशाल शुक्रवार को उस समय देखने को मिली जब बुढाना मार्ग स्तिथ एक पब्लिक स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल के छोटे छोटे बच्चों को सड़क पर भरे गंदे जलभराव से गुजरना पड़ा शिक्षकों ने बच्चों को गोद मे उठा कर जलभराव को पार कराया। इस जलभराव को देख स्कूल संचालक का कहना था कि जलभराव से बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल संचालक और शहरवा. सियों ने नगर पालिका से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और जलभराव से स्थायी मुक्ति दिलाने की मांग की है। यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो जनआंदोलन की चेता. वनी भी दी गई है।

## उस्मान मेहंदी का कनाडा की फेलोशिप मैरिट में चयन

**पुरकाजी।** सामाजिक शोधकर्ता और पंथ फाउंडेशन के संस्थापक पुरकाजी निवासी उस्मान मेहंदी को कनाडा सरकार द्वारा समर्थित एफआरक्यू (फंड डी रिसर्च डू क्यूबेक) की ओर से मेरिट स्कॉलरशिप फोर फोरिजन स्टूडेंट के लिए चयनित किया गया है। उस्मान ने मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा और मुस्लिम युवाओं के मुद्दों पर वर्षों तक कार्य किया है। वर्तमान में भारत में वंचित समुदायों पर आधारित टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान से पीएचडी शोध कर रहे हैं। यह फेलोशिप कनाडा के शिक्षण संस्था लवाल विश्वविद्यालय में उच्च शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया है। उस्मान ने इस लिस्ट में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सूची में प्रथम स्थान लाकर जनपद का नाम रोशन किया हैं।

# भोपा पुलिस ने गैंगस्टर को मुठभेड़ में किया लंगड़ा

**■ अफजल पर पहले से ही दर्ज हैं कई मुकदमें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोपा पुलिस ने चेकिंग के दौरान गैंगस्टर को मुठभेड में लंगडा करते हुए उपचार के लिए अस्पताल भेजा आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ रवि शंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा पुलिस द्वारा मोरना-भोपा मार्ग पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया हुआ था तभी एक व्यक्ति बुलेट पर आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया लेकिन आरोपी गांव ककराला में आईटीआई कॉलेज की और भागने लगा पुलिस ने आरोपी का पीछा करते हुए आईटीआई कॉलेज से आगे घेर लिया तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया पुलिस पुछताछ में आरोपी ने अपना नाम अफजल पुत्र शकुर निवासी खतौली इस्लामनगर बताया आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर एक खोखा व एक जिंदा कारत. ूस बरामद हुआ क्षेत्राधिकारी ने आगे कहा कि आरोपी पर उत्तराखंड सहित नोएडा दादरी में चोरी, हत्या के प्रयास व गैंगस्टर के गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं आरोपी अफजल उत्तराखंड के मंगलोर से गैंगस्टर का आरोपी है पुलिस आरा. ेपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है घायल आरोपी अफजल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# सैनिकों के सम्मान में किसान मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच गंगनहर से नवीन मंडी तक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ सैकड़ों भाजपा नेता मौजूद रहे। यात्रा में कार्यकर्ता भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत के सैनिकों की जय जयकार कर रहे थे।

भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच खतौली में भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने रविवार को सैनिकों के सम्मान में सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ कस्बे की नवीन मंडी स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें पार्टी के



पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बडी संख्या में युवा शामिल हुए। यात्रा के मुख्य अथिति तेज सिंह गुज्जर क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि देश के वीर सैनिकों के बल और मजबूत नेतृत्व से भारत आज हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज का नया भारत चुन-चुन कर हिसाब लेता है। सरकार का एक ही लक्ष्य आतंक का सफाया है। देश की सेना पाकिस्तान के हमलों का मुंहतोड जवाब दे रही है। हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है। जिलाध्यक्ष राजू अहलावत और मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने कहा कि वीर सैनिकों का सम्मान करना बडे ही गर्व की बात है।

भारत भूमि वीरों की भूमि है। हमें अपने वीर सैनिकों पर नाज है। किसान मोर्चा संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# धूमधाम से मनाया स्वामी अखंडानंद महाराज का वार्षिकोत्सव

**■ स्वामी अखंडानंद महाराज की पुण्य स्मृति में हवन, सत्संग व भंडारे का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** स्वामी अखंडानंद महाराज की पुण्य स्मृति में रविवार को गंग नहर के निकट स्वामी अखंडानंद आश्रम में विशेष पूजन, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश भर से उनके अनुयायी आश्रम में एकत्र हुए और श्रद्धा व भक्ति के साथ वार्षिकोत्सव में भाग लिया।

प्रात:काल वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विद्वान पंडित बॉबी शर्मा ने हवन संपन्न कराया, जिसमें दुग्ध व्यापारी विकास सपत्नीक यजमान के रूप में उपस्थित रहे। हवन के उपरांत आश्रम परिसर में संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सत्संग का आयोजन हुआ।

इस दौरान स्वामी रूद्रदेव महाराज ने अपने उपदेश में कहा कि जीवन में आस्था का विशेष महत्व है और जब यह आस्था गुरु के प्रति होती है, तो वह साधक को साक्षात भगवान से जोडती है। इसके पश्चात भजन उपदेशक दीपक ने भक्तिपूर्ण भजनों और प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन कीर्तन के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। सत्संग के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से आए अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने आश्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खतौली में स्थित यह आध्यात्मिक स्थल अत्यंत प्रभावशाली है और उन्होंने इसके जीर्णोद्धार के लिए व्यक्तिगत प्रयास करने की घोषणा की। राजवीर सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी चंद्रलेखा भी मौजूद रही। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने आयोजन की अनुशासन बद्धता और आधयात्मिकता की सराहना की। आयोजन में प्रमुख रूप से प्रबंधक स्वामी रूद्र देव महाराज, पंडित पुष्पेश, अध्यक्ष अमृतलाल फंडा, महासचिव विनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव अग्रवाल, शहर संरक्षक इंद्रजीत खीरबाट, उपाध्यक्ष अशोक कुमार कालडा, संयुक्त सचिव सुनील भसीन, उप सचिव सुरेंद्र कुमार खीरबाट, मोहित शर्मा, समारोह संयोजक भगवान दास मेहंदी, विनोद कालडा, यशपाल अरोडा, योगराज सहगल, दिनेश सहगल, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष केपी शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्र मोहन शर्मा, प्रदीप गुप्ता, अरविंद फंडा, एकांश गुप्ता, विशाल वालिया, सचिन अग्रवाल, कार्तिक अरोडा, ज्योत छाबडा आदि का विशेष सहयोग रहा।



खतौली: भण्डारे में आए श्रद्धालुओं को ज्ञान की बात बताते मुख्य अतिथि राजबीर वर्मा टीटू।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घर लौट रहे व्यक्ति पर रॉड से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गांव नयागांव मंजरा श्यामली श्यामला निवासी अशोक पुत्र इंद्रजीत ने चौसाना पुलिस चौकी पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजे भट्टे पर काम करके वह अपने घर लौट रहा था, तभी गांव के आदेश ने अपने साथियों संग उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया और गालियां देते हुए मारपीट की। पीड़ित अशोक ने बताया कि आदेश और उसके साथियों ने उसे लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं और गालियां भी दी गईं। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है, जिसकी फुटेज उसके पास मौजूद है।

घटना के अगले दिन शनिवार को भी, जब अशोक गांव में मौजूद था, तभी आदेश 6-7 अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा और दोबारा जान से मारने की धमकी दी। अशोक का आरोप है कि इस दौरान आदेश ने झूठे केस दर्ज कराने की धमकी भी दी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। और आरोपी उसे व उसके परिवार को लगातार धमका रहा है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## मारपीट, जान से मारने की दी धमकी का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बीबीपुर जलालाबाद निवासी मांगेराम ने झिंझाना थाने में तहरीर देकर यश कुमार व एक अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 10 मई की रात लगभग 9:30 बजे ग्राम शिवनगर की है।

पीड़ित मांगेराम का कहना है कि यश कुमार पुत्र आदेश अपने एक साथी के साथ वहां आया और पैसों के लेन-देन को लेकर गाली-गलौच करने लगा। इसी दौरान यश कुमार ने उसके माथे पर चोट मार दी। आरोप है कि दोनों जाते समय उसे जान से मारने की धमकी भी देकर गए। मांगेराम ने झिंझाना थाने में मामले की लिखित शिकायत दी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीतरवाड़ा में जानलेवा हमले का एक और आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव तीतरवाड़ा में घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे एक और आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

विगत गुरुवार को गांव तीतरवाड़ा में कुछ लोगो ने घर में घुसकर अवैध हथियारों से एक युवक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी, जिसमें युवक पैर में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक की मां सजीला ने चार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली कैराना पर घटना का नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरो. पियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने फायरिंग की घटना में नामजद कराए गए आरोपी अब्दुल वाहिद निवासी ग्राम तीतरवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस ने इससे पूर्व विगत शनिवार को घटना के नामजद आरा. पी नौमान उर्फ सरवेज निवासी ग्राम तीतरवाड़ा को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार करके शीघ्र जेल भेजा जाएगा।

# भारत के रिटेल व्यापार पर कब्जा करने की साजिश का दिल्ली में होगा पर्दाफाश: घनश्याम

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने एक प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि देश के सभी 36 राज्यों के सैकड़ो व्यापारी प्रतिनिधि 16 मई शुक्रवार को दिल्ली के डॉक्टर अंबेडकर कॉन्फ्रेंस सेंटर 15 जनपथ के हॉल नंबर 2 में संगोष्ठी कर विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा देश के रिटेल व्यापार पर कब्जा करने की साजिश का पर्दाफाश करते हुए भारत सरकार से मांग करेंगे कि इन विदेशी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों पर एफडीआई कानून शक्ति के साथ लागू किया जाए ताकि देश में दिन पर दिन चौपट हो रहे हैं रिटेल व्यापार को बचाया जा सके क्योंकि देश में विदेशी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों एफडीआई कानून का उल्लंघन कर देश के रिटेल व्यापारी से सस्ता माल बेचकर उनके व्यापार दिन पर दिन चौपट कर रही है अत: केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री माननीय पीयूष गोयल से मांग करेंगे।

इन बहुराष्ट्रीय विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों पर एफडीआई का शिकंजा यथाशीघ्र लागू किया जाए ताकि देश के रिटेल व्यापारी इन कंपनियों के सामने टिक सके संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से आए व्यापारी प्रतिनिधि इस विषय पर अपने विचार रखकर आगे की रणनीति का एजेंडा तय करेंगे आशा है इस संगोष्ठी में सभी 36 राज्यों के व्यापारी प्रतिनिधि भाग लेंगे शामली से भी कैट के सभी आजीवन सदस्य दिल्ली जाकर इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी में भाग लेंगे।

# लू से हलकान हुए लोग

**शामली।** तेज और लू के थपेडों ने लोगों को खासा परेशान किए हुआ है। इस बार गर्मी से हर कोई परेशान हो गया है। ऐसे में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने भी नागरिकों को रूलाकर रख दिया है। सडकों पर गर्म हवाऐं चलने से लोग घरों में दुबके रहे और सडके वीरान रही। रविवार को भीषण गर्मी और सडकों पर चल रही गर्म हवाओं से नागरिक खासा परेशान दिखाई दिए। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान जहां 39 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया वही न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे से ही तेज धूप के कारण आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई थी। तेज धूप और चिपचिपाती गर्मी से नागरिकों का हाल बेहाल रहा। घर हो या बाहर गर्मी में कही पर भी आराम नही मिल पा रहा है। चिपचिपाती गर्मी के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बिजला की कटौती से हो रही है। लो वोल्टेज के कारण नागरिक परेशान है। जिस कारण लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत नही मिल पा रही है। रविवार को भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बाजार सुनसान दिखाई दिए। शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्र गुरूद्वारा तिराहे पर भी सडके सुनसान रही। जरूरी कामों से ही लोग घरों से बाहर निकले। सडकों पर वाहनों की संख्या भी कम देखने को मिली है। भीषण गर्मी का प्रकोप यातायात भी पर भी देखने को मिला।

## शराब में युवक गिरफ्तार

**झिंझाना।** क्षेत्र की ऊन पुलिस ने गश्त के दौरान 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम जब चौसाना रोड से होकर सुमित के भठे के पास पहुंची तो एक युवक प्लास्टिक की केन लिए खड़ा मिला, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे एक टड्डूबवेल के पास दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुलेमान पुत्र रहीस, निवासी ग्राम पिंडौरा बताया। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई, जिसे वह मजदूरों को बेचने लाया था। शराब का एक लीटर नमूना सुरक्षित कर शेष शराब सील कर दी गई है। आरोपी के खिलाफ धारा एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आंखों की जांच एवं चश्मों का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 87वां निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 86 मरीजों की जांच कर 56 को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया।

रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 87वा निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। इस दौरान उन्होने कहा कि इस कैंप में सभी जरूरतमंद व्यक्ति पहुंचकर अपनी जांच कराकर निशुल्क चश्मा प्राप्त करते है। कैंप में आई चिकित्सक डा। अब्दुल बासिद अली द्वारा करीब 86 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 56 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। साथ ही मरीजों को आंखों की देखभाल रखने के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर उस्मान, नाबील, पवन संगल, रवि संगल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मां शाकुंभरी देवी के दर्शन को बस रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा आज एक ऐसी डीलक्स बस मां शाकुंभरी देवी के दर्शन हेतु रवाना हुई जिसको सभासद राजीव गोयल और अनिल उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी यह बस गुरुद्वारा तिराहा से रवाना हुई बस में लगभग पचपन सवारी थी संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह बस हर माह की चौदस को माता शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए जाती है इस मौके पर वीरेंद्र बालियान अजय गर्ग महेश गर्ग शिवकुमार अतुल आरती संगल विजय संगीता गुप्ता मुन्नी सविता प्रवीण बंसल लोकेंद्र संगल सुनीत गर्ग पूनम चौधरी आदि मौजूद रहे।

### पांच साल बाद प्रभुजी का अपने भाई से भावुक मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 8.2.2025 को बहालगढ़ , हरियाणा से श्रीमती ममता सरोहा की सूचना के अनुसार अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा एक लावारिस प्रभुजी को अपना घर आश्रम शामली में भर्ती किया गया था प्रभुजी की मानसिक स्थिति एवं शारीरिक स्थिति बहुत ही कमजोर थी प्रभुजी ठीक से बोल नहीं पाते थे एवं अपना नाम भी सही से नहीं बता पा रहे थे । आश्रम द्वारा प्रभुजी को सलीम नाम दिया गया आश्रम में प्रभुजी की सेवा एवं उपचार किया गया। प्रभुजी का इलाज डॉ अरुण राय जी के परामर्श से किया गया सेवा एवं उपचार से प्रभुजी की शारीरिक स्थिति में अल्प समय में सुधार होने लगा 5 दिन पहले आश्रम कार्यालय द्वारा पूछने पर प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई एवं नाम शमीम बताया तथा अपना पता गांव निमुआ, जिला सुपौल, बिहार बताया नेट पर सर्च करने पर प्रभुजी के गांव के प्रधान का नम्बर प्राप्त हुआ उनसे संपर्क करने पर प्रभुजी की पूरी जानकारी उन्हें दी गई एवं उनसे अनुरोध किया गया कि प्रभुजी के घर का पता लगा कर उनके परिवार से किसी का सम्पर्क कराए और थोड़ी देर बाद उन्होंने प्रभुजी के भाई शफीक जी का मोबाइल नंबर हमें दिया कार्यालय द्वारा उनके भाई से बात की गई शफीक जी ने अपने भाई से बात की एवं उन्होंने प्रभुजी को पहचान लिया एवं हमें बताया कि वे अभी अहमदाबाद में है और जल्दी ही अपने भाई को लेने अपना घर आश्रम शामली आएंगे। 10.5.2025 को प्रभुजी के भाई शफीक जी अपना घर आश्रम शामली आए एवं शफीक जी ने बताया कि उनके भाई सलीम मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण 5 साल पहले घर से बिना बताए निकल गए थे एवं बहुत खोजने पर भी नहीं मिले। प्रभुजी के भाई ने कार्यालय कार्यवाही पूर्ण की अपने भाई को अपने साथ गांव निम. ुआ जिला सुपौल बिहार ले गए।

### कथा कर की अमृत वर्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्व सेवा सम्मान समिति ने श्रीमद भागवत कर रहे कथा व्यास चंचल शास्त्री और मंच पर आसीन सभी सम्मानित ब्राह्मणों का सम्मान किया तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का कार्य कर्म किया उपस्थित समिति के संस्थापक गिरधारी लाल नारंग, अध्यक्ष मनुज कांबोज, सचिव भूपेंद्र खन्ना, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, सत्र संयोजक अंकुर आर्य, संदीप विश्वकर्मा, अजय गर्ग, संरक्षक सुरेंद्र बंसल, गिरिश तायल, प्रदीप विश्वकर्मा, वीरेन्द्र संगल, आशु गर्ग, सतीष गोयल, रजनीश नामदेव, संजय बंसल, देविंद्र धानिया, सुशील अग्रवाल, डॉ नीरज गोयल, निखिल गोयल, रोबिन गर्ग, डॉ अनिल शर्मा, श्याम लाल आदि मौजूद रहे।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, पिता ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के गायब होने को लेकर थाने में तहरीर दी है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री, जो कि कक्षा नौवीं की छात्रा है, को गांव का ही युवक पंकज पुत्र प्रदीप बहला-फुसलाकर देर रात अपने साथ ले गया। पिता ने तहरीर में बताया कि उसकी बेटी अभी नाबालिग है और सही-गलत का निर्णय लेने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि जब रात में बेटी घर नहीं लौटी तो उन्होंने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में जानकारी मिली कि पंकज उसे अपने साथ ले गया है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उक्त युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनकी बेटी को जल्द से जल्द बरामद किया जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### अवैध तमंचे में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 12 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता जनाब निवासी ग्राम रामड़ा बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

# 150 रुपये के एसएमएस को डेढ़ करोड़ का समझा, झगड़े के बाद भाई ने दे दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भाई के फोन में आए एक सौ पचास के एसएमएस को डेढ़ करोड़ का समझ कर दूसरे भाई ने झगड़ा कर 50 करोड रुपए की मांग कर दी, ना देने पर युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

क्षेत्र के गांव रजाक नगर के रहने वाले सुधीर ने बताया कि उसके फोन में एक सौ पचास रूपये का एसएमएस आया था। एसएमएस में एक सौ पचास सीआर लिखा था, जिसे उसके भाई सूरज ने देखा तो कहा कि तुम्हारे खाते में डेढ़ करोड़ रूपये आए और हम तीन भाई हैं तो एक भाई के हिस्से में 50 करोड़ आए तो मुझे मेरे हिस्से के 50 करोड़ खाते से निकलवाकर दो। भाई ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना और गांव में सभी को मोबाईल में आए एसएमएस को दिखाता फिरता था, इसी से आहत होकर 20 वर्षीय सूरज ने एक मई को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगाती देख परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए थे, जहां पर गत रात्रि उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक युवक पानीपत में निजी कंपनी में नौकरी करता था।

## जुताई करते समय ट्रैक्टर के पीछे लगे लेजर से गिरकर बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

झिंझाना। गांव रजाक नगर में खेत में जुटाई के लिए ट्रैक्टर के पीछे लेजर पर बैठा बालक संतुलित होकर खेत में गिरकर घायल हो गया। घायल बालक को खेत पर कार्य कर रहे किसान अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक कक्षा एक छात्र था। पुलिस में घटना की जानकारी से इनकार किया है। गांव रजाक नगर निवासी अरविंद ने बताया कि गांव के निकट सोनू ट्रैक्टर में लगे लेजर से अपने खेत की जुताई कर रहा था। उसी समय उसका पुत्र नितिन आठ वर्ष अपने एक दोस्त के साथ शनिवार दोपहर नासमझी के कारण ट्रैक्टर के पीछे लगे लेजर पर बैठ गए। कुछ देर बाद नितिन अपना संतुलन खो बैठा तथा लेजर से गिरकर घायल हो गया। पास में बैठा उसका दोस्त चिल्लाए तो ट्रैक्टर चला रहे सोनू ने कार्य रोक कर बालक को उठाया तथा परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन घायल बालक को पास के निजी हॉस्पिटल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बालक के पिता ने बताया कि वह गांव के ही एक निजी स्कूलों में कक्षा एक का छात्र था। मृतक छात्र भाई अक्षत 10 वर्षीय तथा माता-पिता को बिलखता छोड़ गया है। देर शाम गमगीन माहौल में मृतक छात्रा का अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट पर किया गया। दूसरी ओर पुलिस ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

# जैन मुनि का जलालाबाद में मंगल प्रवेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** मुनि 108 निश्चित सागर जी महाराज का जलालाबाद में भव्य मंगल प्रवेश हुआ इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में आज आचार्य 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि 108 निश्चित सागर जी महाराज का नानौता से जैन मंदिर जलालाबाद के लिए भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मुनि के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ जी का अभिषेक व शांतिधारा महाराज के द्वारा कराई गई।

जिसमें बाहर से आऐ काफी संख्या में श्रावको ने विधि विधान से जी का अभिषेक व शान्तिधारा की । इसके बाद मुनि ने मंदिर परिसर में ही प्रवचन में कहा प्रभु की वीतराग मुद्रा को देखकर मन आनन्द से भर गया। जलालाबाद अतिशय क्षेत्र में सुशील जैन का एक परिवार होने पर भी क्षेत्र की उर्जा व स्मर्धी देखकर लगता है क्षेत्र पर बहुत विकास कार्य हुए है। यहां पर आने से मन के सन्ताप दूर हो जाते है प्राचीन मूर्तियो में प्राचीनता का बोध होता है श्रवण परम्परा का जयघोष करने वाले जिनालय सदा जयवंत रहे। विश्व में शान्ती हो सभी जीव सुखी रहे। मंगल विहार में मंत्री सुशील कुमार जैन, सुभाष जैन, जे0के0 जैन, मोहित जैन, प्रदीप जैन अंकित जैन एडवोकेट कैराना, पंकज जैन, राजेश जैन, गौरव जैन, अमूल जैन, मनीष जैन, विनीत जैन, विकल्प जैन, अमर जैन, नवीण जैन, चंचल जैन, प्रवीन गर्ग, पं. सनत जैन, सतीश जैन, सचिन जैन, ऋषभ जैन, अर्पण जैन, विनोद कुमार , चिंतामणी जैन, रोबिन जैन, अनिल जैन, हर्ष जैन, अभिषेक जैन, तुषार जैन, शुभव जैन, शुभम जैन, कार्तिक जैन, आदि रहे।

## टैंट की दुकान में आग लगने से नुकसान

**हल्दौर।** गांव नांगल जट में एक टैंट हाउस की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

गांव नांगलजट निवासी ब्रह्मजीत की बस्ती में ही दुकान स्थित है। कुछ दूरी पर उसका घर है। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को वह दुकान बंद कर घर चला गया था। मिली जानक. ारी के अनुसार देर रात उसकी दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। मौके से गुजर रहे कुछ लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर मोहल्लेवासी और परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार के अनुसार आग लगने से लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। मामले की तहरीर पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मातृत्व दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**चांदपुर।** मोहल्ला सरायरफी स्थित गुरुद्वारा मे गुरुद्वारा सिंह सभा चांदपुर की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर मे बड़ी संख्या मे युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस दिवस को यादगार बनाने के लिए सर्वसमाज मे एक अच्छा सन्देश देने का काम किया। रक्तदान शिविर मे युवा समाजसेवी आशु गोयल का भी विशेष सहयोग रहा। शिविर में कार्यक्रम पश्चात समाज सेवा एवं राष्ट्र हित में कार्य करने वाले युवाओं को समाजसेवा के कार्यों के लिये सम्मानित भी किया गया।

# वृद्ध जनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के तहत वृद्ध जनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इस योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन या दिव्यांग जिन्हें चलने फिरने या अन्य शारीरिक गतिविधियों में दिक्कत है। जैसे कि किसी से चला नहीं जाता या बैठने में दिक्कत होती है, कमर में दर्द रहता है, गर्दन में या सर्वाइकल का दर्द रहता है, आंखों की देखने की व कानो की सुनने की क्षमता खो चुके है,उन्हें अनेक तरह के सहायक उपकरण जैसे बेंत, सीट युक्त फोल्डिंग बेंत, वॉकर, व्हीलचेयर, कमोडयुक्त व्हीलचेयर, सिलिकॉन सीटिंग पिलो, नी ब्रेस, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की इस योजना के तहत भारतीय कृत्रिम एवं अंग उपकरण निगम द्वारा जनपद शामली के ब्लॉक में 13 मई से शि. विर आयोजित होंगे। इस शिविर में 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्घजन प्रतिभाग कर सकते है। शिविर 13 मई को विकास खंड परिसर कांधला, 14 मई को विकास खंड परिसर शामली, 15 मई को विकास खंड परिसर थानाभवन, 16 मई को विकास खंड परिसर ऊन में आयोजित होगे।

# नगर में नन्हे-मुन्नों ने धूमधाम से मनाया मदर्स-डे







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बेनिसन एकेडमी में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ केक काटा और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मां के महत्वता पर प्रकाश डाला। रविवार को शहर के गांव खेडीकरमू लिलौन स्थित बेनि. सन एकेडमी में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक एआर चौहान ने किया। उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां का महत्व बहुत बडा है। दुनिया में मां नही होती तो दुनिया भी नही होती। सृष्टि को रचने वाली मां ही है। अपनी मां की इज्जत करे और उनसे प्रेम से पेश आए। माता पिता का सम्मान जरूर करना चाहिए। प्रधानाचार्य मोनू मलिक ने स्कूल में मदर्स डे पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित कराई। कार्यक्रम के आखिर में कार्यक्रम में पहुंची बच्चों की माताओं द्वारा केक काटा गया और दूसरे को मदर्स डे की शुभकामनाऐं दी गई। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल श्वेता चौधरी, रोहित कुमार, सविता, ज्योति, श्रयांशी, स्नेहा, साजिदा, सानिया, मुकेश कुमार, रचना, कुलसुम, नर्मता, अंजली, अजरा, युसरा रहमानी, तेमाज, तसव्वुर चौहान आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के माजरा रोड स्थित सिप अबेकस में मदर्स डे बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा मदर्स डे पर पेटिंग व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने सुंदर पेटिंग बनाई और मां के महत्व पर निबंध लिखी। बाद में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को शहर के माजरा रोड स्थित सिप अबेकस में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। डायरेक्टर मृदुला जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों द्वारा मां के महत्व विषय पर एक पेंटिंग न निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढचढकर हिस्सा लिया और मां के महत्व पर सुंदर सुंदर निबंध लिखी। डायरेक्टर मृदुला जैन ने कहा कि मां भगवान का दूसरा रूप है। मां के साथ बच्चों का रिश्ता अटूट होता है। आज के समय में जहां बच्चे हर समय मोबाइल और टीवी और गेम्स के आदी हो गए हैं। इस युग में मां को भी बच्चों की तरह स्मार्ट बनना पड़ेगा तो बच्चों के साथ अटूट रिश्ते के लिए हमें बच्चे को रोज क्वालिटी टाइम देना बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी मदर्स से अपील की कि आप अपने बच्चे की तुलना किसी दूसरे बच्चे से कभी न करे और यदि बच्चे सच बोल तो उस समय बच्चो को न डॉट लगाए। मौके पर रूबी मित्तल, रुचि अरोड़ा, इशिका, नूपुर, सुरभि जैन मौजूद रही।

# लूट व मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढीपुख्ता पुलिस ने शनिवार को तेज कार्रवाई करते हुए लूट व मारपीट की वारदात में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बालअपचारी को अवैध चाकू सहित हिरासत में लिया गया है। घटना 10 अप्रैल की है, जब ग्राम भैंसवाल निवासी राजकुमार व उनके पड़ोसी अजय पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर मोबाइल लूट लिया था। मामले में मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम ने कड़े निर्देश दिए थे। अभियान के तहत पुलिस टीम ने गौरव पुत्र पप्पू, निवासी ग्राम सिलावर को गिरफ्तार किया, जबकि एक नाबालिग आरोपी के पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनि. रीक्षक विनोद तेवतिया, नरेश कुमार सहित कांस्टेबल सनोज और सचिन शामिल रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा पासपोर्ट नं- W5725034 जारी दिनांक 15.09.2022 समाप्ति की अवधि 14.09.2032 फाइल संख्या GZ04C4066353022 जारी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश कहीं गुम हो गया है।

**रिफाकत पुत्र नफासत**
निवासी- ग्राम अम्बैहटा याकूबपुर पोस्ट जलालाबाद थाना-थानाभवन तहसील व जिला शामली, उत्तर प्रदेश

# नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने एक दिल दहला देने वाली घटना में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त वेदपाल उर्फ वेदप्रकाश उर्फ बेदा को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 9 मई 2025 को रात करीब 11.45 बजे बच्ची के भाई ने थाना सदर बाजार में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 10 वर्षीय बहन शाम 7 बजे से लापता है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 186/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह साजवाण के निर्देश पर गठित पुलिस टीमों ने बच्ची की तलाश में व्यापक प्रयास किए। अगले दिन सुबह 9 बजे सूचना मिली कि एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिला है। प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। शिकायत के आधार पर अभियुक्त वेदपाल उर्फ वेदप्रकाश उर्फ बेदा के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या और शव छिपाने के आरोप में मुकदमे में धारा 103(1), 65(2), 238(ख) बीएनएस और 5/6 पॉक्सो अधिनियम जोड़ा गया। एसएसपी के आदेश पर एसपी सिटी व्योम बिंदल और क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के पर्यवेक्षण में थाना सदर बाजार पुलिस ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वेदपाल उर्फ वेदप्रकाश उर्फ बेदा को विश्वकर्मा चौक, पेपर मिल रोड, भट्टा कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त इंद्रा कॉलोनी, थाना सदर बाजार, सहारनपुर का निवासी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।



गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी, उपनिरीक्षक राय सिंह, उपनिरीक्षक सुंदर सिंह, महिला उपनिरीक्षक चंचल कुमार, हेड कांस्टेबल विकास सिंह और कांस्टेबल विनय कुमार शामिल रहे।

# दो घरों में लाखों रुपये की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो घरों में लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनोती दी है।घटना से कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल है। वहीं चोरी की इन घटनाओं ने पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार देव. बंद रोड स्थित सिविल कॉलोनी के दो घरों में अज्ञात चोरों ने उस समय चोरी की वारदात को अंजाम दिया जब घरों के लोग गहरी नींद में सो रहे थे।चोरी की जानकारी मिलने पर घरों के लोगों के होश उड़ गए।जानकारी होने कॉलोनी वासियों की भीड़ जमा हो गई।सूचना पर पहुँची पुलिस टीम ने घटना की जानकारी ली।पीड़ित परिवारों ने बताया कि उनके घरों से लाखों रुपये की नकदी व जेवरात की चोरी हुई है।

एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी की वारदात से कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल है। वहीं चोरी की इन घटनाओं से पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।लोगों का कहना है कि अगर पुलिस रात्रि गश्त करती तो चोरी की घटनाएं नहीं हो पाती।

# मां अटूट समर्पण का नाम: दशरथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** हर्ष मार्डन पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य दशरथ सिंह ने मातृ दिवस पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार और समाज के निर्माण में मां की बहुत महत्वपूर्ण भुमिका होती है यह दिन उनकी निस्वार्थ भक्ति और अटूट समर्पण के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

नगर के हर्ष मार्डन पब्लिक स्कूल में मदर्स-डे के उपलक्ष्य में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य दशरथ सिंह ने कहा कि एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता मां का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। कालेज के चैयरमेन राज प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कि शुरूआत मां से ही होती है मगर विशेष रूप से मदर्स-डे वह अवसर होता है जब एक बच्चा अपनी मां के प्रति अपना प्रेम प्रकट करता है। इस अवसर पर संगीता, रितु पांचाल, रजनी, उम्मे फरवा, खुशी पुंडीर, नितिन पुंडीर, पवन कुमार, अमित सैनी, बसंत कुमार, सचिन कुमार, जय धरत सिंह, योगेश शर्मा, वंश मित्तल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बेहट द्वारा सीमा पार देश की रक्षा के लिए लड़ रहे सैनिकों के सम्मान के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए गांधी चौक पर जाकर सम्पन्न हुई।

रविवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने गांधी चौक में एकत्र हुए और देश की रक्षा के लिए लड़ रहे भारतीय सेना के हौसला अफजाई के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न बाजारों मोहल्लों से होती हुई वापस गांधी चौक मे ही समाप्त हुई। इस दौरान व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष वशिष्कट गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी विंग कमांडर व्योमिका सिंह, ने जिस तरह से भारतीय सेना का नेतृत्व करते हुए पाकिस्तान में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्ता नाबुद किया है उस से समस्त भारतीयों के गर्व से सीना चौड़ा हो गया है हमे अपनी सेना पर गर्व है उनके सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।



तिरंगा यात्रा के दौरान संगठन के अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता, वाजिद अली आजम मलिक मुंशी राशिद आसिफ नबी सोनू तोमर चौधरी अमित आसिफ सिद्दीकी सलामत मुंशी गौरव कुमार तुषार गर्ग जावेद गुलफाम अठर सिद्दीकी सोनू भारती नवीन खुराना तुषार गर्ग नदीम अमजद आदि मौजूद रहे।

# शिक्षाविद का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साहित्य अकादमी के पूर्व सदस्य तथा प्रख्यात साहित्यकार व शिक्षाविद् डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा अरुण के निधन पर सहारनपुर के साहित्यकारों ने शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को हिंदी साहित्य की अपूर्णीय क्षति बताया है।

डॉ. अरुण गत एक पखवाडेघ् से पक्षाघात से पीड़ित थे। रुड़की के एक अस्पताल में उन्होंने शुक्रवार की शाम अंतिम सांस ली। हिन्दी साहित्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष साहित्यकार डॉ.वीरेन्द्र आजम ने डॉ. अरुण को भावांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. अरुण, जैन रामायण के मर्मज्ञ और अपभ्रंश भाषा साहित्य के उद्भट विद्वान थे। शिक्षाविद् के रुप में भी उन्होंने यश अर्जित किया। उनका जाना हिन्दी साहित्य, अपभ्रंश भाषा साहित्य और जैन साहित्य की बड़ी क्षति है।

# भारतीय सेना के शौर्य का जवाब नहीं: विजेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना के पराक्रम और साहस की क्षेत्रवासियों ने सराहना की।

भारत में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गुस्सा था। जिसको लेकर भारत सरकार ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई कर उसे नतमस्तक होने पर मजबूर कर दिया है। भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य की प्रशंसा करते हुए पूर्व नागल ब्लाक प्रमुख बिजेंद्र चौधरी ने कहा कि भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। हम सभी भारत की सरकार के उचित फैसले और जवानों के पराक्रम की सराहना करते है जिन्होंने अपने साहस से दुश्मनों के दांत खट्टे कर उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि गांव चन्देना कोली निवासी सुधीर पुत्र भोपाल सिंह सन 2002 से बीएसएफ बटालियन के जवान हैं। जिन्होंने एन आई एस की उपाधि लेकर राष्ट्रीय कबड्डी में गोल्ड मेडल हासिल किया है और बटालियन के बतौर कोच भी रहे है।

पूर्व प्रमुख समय-समय पर जनपद के खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया हैं।आज वह अपने देश के लिए सांबा सेक्टर में दुश्मनों के साथ लोहा ले रहे हैं। जिसको लेकर सुनील कुमार, निशांत चौधरी ,इशांत चौधरी, अनुज कुमार ,योगेश कुमार ,अनिल कुमार व समस्त क्षेत्रवासियों ने उनके जज्बे व देशभक्ति की सराहना की है।

# मिट्टी खनन करती तीन ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बीती रात थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव बुड्ढा खेड़ा पुंडीर में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य किया जा रहा था। इस गैरकानूनी गतिविधि की कोई सूचना न तो पुलिस के पास थी और न ही किसी संबंधित अधिकारी को इसकी जानकारी थी। जैसे ही इस अवैध खनन की खबर फतेहपुर पुलिस को मिली, पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक श्रब्ठ मशीन और तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।

इस कार्रवाई के बाद अवैध मिट्टी खनन से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने इससे पहले भी कई बार अवैध खनन के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं और श्रब्ठ मशीनों को जब्त किया है। उनकी इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से खनन माफियाओं में अफरा-तफरी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की सक्रियता के कारण अवैध मिट्टी खनन के कारोबार पर काफी हद तक लगाम लगी है।



पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ सख्त संदेश गया है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भी पुलिस की तारीफ हो रही है, जो अवैध गति. विधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# बाइक की साईकिल से टक्कर में तीन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे में डिवाइडर पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक व साइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई,जिसमें बाइक सवार दो युवक व साइकिल चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिलवाया।

रविवार को जतिन पुत्र रामशरण निवासी हस्तिनापुर व कमल पुत्र अशोक निवासी बामनोली हस्तिनापुर अपनी बाइक एच आर 02 ए वाई 7167 पर सवार होकर हरियाणा से वापिस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में पहुंचे तो अचानक साइकिल द्वारा डिवाइडर कट पार कर रहा चन्द्रभान निवासी पीरड थाना नागल उनके सामने आ गया जिसके कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और साइकिल से जा टकराई। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक व वृद्ध साइकिल चालक हाईवे पर गिर गए और गम्भीर रूप से घायल हो गए।घटना घटित होते हैं आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तीनों घायलों को सड़क के किनारे कर स्थानीय पुलिस को सड़क हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को कस्बे के एक प्राइवेट चिकित्सक से प्राथमिक उपचार दिलवाया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कस्बे में बने डिवाइडर कट पर हर रोज हादसे होना आम बात हो गई है।

# शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच

**सहारनपुर।** लाला भगवानदास एवं क्रेजी ग्रीन द्वारा समाज को समर्पित आनंदम वरिष्ठ नागरिक केयर होम एवं चंद्रवती त्रिलोकी नाथ आरोग्यधाम में मल्हीपुर मार्ग पर ग्राम नण्दी में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मैक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने आसपास के गांवों से आये सैंकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाई वितरित की।

लाला भगवानदास एवं क्रेजी ग्रीन समिति द्वारा समाज को समर्पित आनंदम निर्माणाधीन वरिष्ठ नागरिक केयर होम में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की देखरेख में आज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में देहरादून से डाक्टर्स डा. सिमरनजीत सिंह आर्थोपेडिक्स, डा. संजू गुप्ता जनरल फीजिशियन, डा. प्रशांत सिंह आंख विशेषज्ञ, डा. अनिल शर्मा, दीक्षा तिवारी, दीपक कुमार, मनीष बोहरा, नरेश कुमार, राकेश कुमार गुप्ता की देखरेख में सैकडों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। हड्डी रोग विशेषज्ञ ने हड्डी रोगों से सम्बंधित जानकारी मरीजों को दी। आंखों के विशेषज्ञ चिकित्सक ने ग्रामीणों की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों से संबंधित बीमारियों की जांच कर उन्हें आंखों के प्रति जागरूक किया और नि:शुल्क दवाई वितरित की। इस अवसर पर लाला भगवानदास एवं क्रेजी ग्रीन संस्था के पदाधिकारियों अजय सिंघल, नवनीत मित्तल, अनुराग सेठ, रवि सेठ, मुकुल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य आसपास के ग्रामीणों, गरीब व असहाय लोगों को चिकित्सा लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आनंदम वरिष्ठ नागरिक केयर होम में निर्माण जोर-शोर से चल रहा है, जो जल्द ही बनकर अपने स्वरूप में आ जायेगा। शिविर में व्यवस्था बनाने वालों में अजय सिंघल, नवनीत मित्तल, अनुराग सेठ, रवि सेठ, मुकुल, गगनदीप, माधवी सिंघल, मधु अग्रवाल, नितिन शर्मा, रेखा शर्मा, सीमा सेठ, रितेन भट्टाचार्य, चमन सिंह चौहान, महीपाल सिंह, सुनीता चौहान, सुनील कुमार आदि शामिल रहे।



# बालाजी धाम का 16 मई को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**गंगोह।** बाला जी धाम का स्थापना दिवस 16 मई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां तेजी चल रही है। कार्यक्रम की शुरूआत जन कल्याण यज्ञ के साथ होगी।

राम बाग मार्ग पर ककराली सरा. ेवर किनारे बने बाला जी धाम का 16 मई को स्थापना दिवस है। इसे मनाने के लिए आयोजन समिति तैयारियां तेजी से चल रही है। आयोजक संस्था बाला जी संकट मोचन सेवा समिति के अध्यक्ष व बाला जी धाम के महंत सुशील शर्मा के अनुसार कार्यक्रम को श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा जिसकी सभी तैयारियां चल रही है। उन्होने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ जन कल्याण यज्ञ के साथ होगा। यज्ञ के बाद विश्व कल्याण के लिए श्रद्धालुओं द्वारा प्रार्थना की जाएगी। यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन होगा। इसके बाद सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में बाला जी महाराज का गुणगान किया जाएगा। गुणगान करने के लिए अनेक भजन गायक मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण होगा।

**भव्य का मिलिट्री स्कूल में चयन**

**गंगोह।** उड़ान अकादमी के छात्र भव्य शुक्ला का चयन भोंसला मिलिट्री स्कूल गुजरात में कक्षा 6 में हुआ है। भोंसला मिलिट्री स्कूल की परीक्षा एवं साक्षात्कार 9 मई 2025 दिन शुक्रवार को करवाई गई थी, जिसमें भव्या शुक्ला ने सफलता अर्जित की है।

**इ० का० टांको सुन्दरपुर (सहारनपुर) चुनाव कार्यक्रम**

सर्वसाधारण एवं सदस्यगण साधारण सभा प्रबन्ध समिति इ० का० टांको सुन्दरपुर स०पुर को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति इ० का० टांको सुन्दरपुर का चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार है :-

चुनाव प्रबन्ध समिति - अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, उप प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष तथा 7 सदस्यों हेतु सम्पन्न होगा। एक प्रत्याशी एक पद के लिए ही नामांकन कर सकता है।

**दिनांक 22.05.2025** दिन बृहस्पतिवार सदस्यता सूची का सत्यापन विद्यालय के बोर्ड पर चस्पा किया जाना तथा आपत्ति/निवारण प्रातः 10:00 बजे तथा दोपहर 12:00 बजे तक आपत्ति/निवारण

**दिनांक 23.05.2025** दिन शुक्रवार नामांकन प्रातः 9.00 बजे से 11:00 बजे, नामांकन पत्रो की जांच दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे, आपत्ति दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे, आपत्ति की जांच दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे

**दिनांक 24.05.2025** दिन शनिवार नामांकन वापसी प्रातः 10.00 बजे से 11:00 बजे, अंतिम सूची जारी करना दोपहर 11:30 बजे, चुनाव की दशा में चिहन आवंटन दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे

**दिनांक 26.05.2025** दिन सोमवार यदि आवश्यक हुआ तो सी०सी०टी०वी० की निगरानी में गुप्त मतदान प्रातः 9.00 बजे से 11:00 बजे, परिणाम की घोषणा दोपहर 1:00 बजे

**चुनाव अधिकारी- मुन्नीलाल राम (प्रधानाचार्य) इ.का. टांको सुन्दरपुर सहारनपुर।**

# तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** वी केयर हॉस्पिटल द्वारा चतुर्थ स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। पहले दिन 242 मरीजों की जांच की।

गणेष चौंक स्थित हॉस्पिटल में पहले दिन अमृतधारा माई हॉस्पिटल करनाल के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन हॉस्पिटल के एमडी डॉ. कांशीराम सैनी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. रविक. ांत सैनी ने फीता काटकर किया। हॉस्पिटल करनाल से आये न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रिशु गर्ग द्वारा 120 मरीजो का परामर्श कर जांच की। यूरोलोजिस्ट डॉ. तुषार शर्मा ने 42 मरीजो की जांच की। डॉ. रविकांत सैनी ने 80 मरीजो की जांच की गई। शिविर में जय हिन्द सामाजिक संस्था का भी सहयोग रहा। अमन सैनी, अक्षय, साक्षी, सुष्मिता, वंशिका, गौरव, प्रतीक, रजत, शुभम, हिमांशु, दिव्यांश आदि मौजूद रहे।

# मां सिद्धेश्वरी योग माया का जन्मोत्सव मनाया

**श्री विश्रामपुरी भैरव मंदिर में विधि विधान से किया गया पूजन**

**सहारनपुर।** मां सिद्धेश्वरी योग माया का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पंडित शास्त्री धर्मानंद बहुगुणा ने पूरे विधि विधान से पूजन और आरती करायी। भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे श्रद्धांलुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

अम्बाला रोड स्थित श्री विश्रामपुरी भैरव मंदिर में मां सिद्धेश्वरी योग माया का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। पंडित शास्त्री धर्मानंद बहुगुणा ने कहा कि माता सिद्धश्वरी शक्ति और ज्ञान की देवी हैं, जो व्यक्ति को जीवन के विभिन्न पहलुओं में सफलता प्राप्त करने में मदद करती हैं। माता की कृपा से व्यक्ति को मोक्ष और मुक्ति की प्राप्ति होती है, जिससे वह जीवन के बंधनों से मुक्त हो जाता है। माता सिद्धश्वरी की पूजा और ध्यान से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास होता है, जिससे वह अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान सकता है। इस मौके पर डॉक्टर पन्ना लाल शर्मा, अनेश शर्मा, राजेंद्र चौधरी, ओम सिंह, प्रमोद गर्ग, पंडित योगेश, चंद्र गोनियाल, पंडित रामकृष्ण नौटियाल, संजय कपूर, गगन चांदना, गौरव वसीन, राजुल सैनी, आशीष सहित भारी संख्या में श्रद्धालगुण मौजूद रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर दी जानकारी



**सहारनपुर।** अग्रकुल महिला समिति की सभा का शुभारम्भ महारा. जा अग्रसेन प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा महाराजा अग्रसेन की आरती उतार कर सभा प्रारंभ की गई।

कार्यक्रम शुरूआत मई माह में जिन बहनों के जन्मदिन तथा विवाह वर्षगांठ होते हैं उन्हें बधाई तथा उपहार देकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम की थीम मदर्स डे तथा समर कूल रखी गई थी जिसमें वैशाली गर्ग, अर्चना बंसल, अंतरा गोयल, तथा शि. विका अग्रवाल द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव गुंबर द्वारा एक राष्ट्र तथा एक चुनाव पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती निगम बंसल द्वारा की गई। सचिव संगीता विनय गोयल द्वारा अप्रैल माह की रिपोर्ट बताई गई। कोषाध्यक्ष कामना गुप्ता द्वारा विगत माह का आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। संयोजिका पूजा अग्रवाल द्वारा मनोरंजक गेम तथा आकर्षक तंबोला करवाया गया। कार्यक्रम में कुसुम अग्रवाल, मंजू मित्तल, अलका बिंदल, श्वेता बंसल, गार्गी मित्तल, उर्वशी मित्तल दीपा गोयल, अमिता गुप्ता, अर्पणा अग्रवाल, गरिमा बंसल, नीलम गुप्ता, निधि गुप्ता, तृप्ता मित्तल, वंदना मित्तल, आदि उपस्थित रही।

# एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के उधम सिंह स्टेडियम में 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाडियों ने जमकर पसीना बहाया।

शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर एथलीट चौंपियनशिप के लिए उधम सिंह स्टेडियम में आज ट्रायल लिया गया। जिसमें बालक व बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इससे चयनित खिलाड़ी सीधे राज्य स्तर के लिए प्रयागराज में 18 व 19 मई को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में प्रतिभा करेंगे। प्रतियोगिता के 100 मीटर में आयुष प्रथम, देव स्वामी द्वितीय, सिद्धार्थ तृतीया रहे। 200



मीटर में मयंक प्रथम, दुष्यंत कुमार द्वितीय, आयुष तृतीया रहे। 400 मीटर में दुष्यंत कुमार प्रथम, कुमार द्वितीय, आशु तृतीया रहे। 800 मीटर में हिमांशु प्रथम, गौरव द्वितीय, अभिनव तृतीया रहे। 1500 मीटर में कपिल प्रथम, राजा द्वितीय, आवेश तृतीया रहे। 5000 मीटर में मयंक प्रथम, भंवर चौहान द्वितीय, शनि तृतीय रहे। 10 हजार मीटर में नीरज कुमार प्रथम, मुस्ताक द्वितीय रहे। भाला फेंक में शिवांशु प्रथम, पारस कुमार द्वितीय, चक्का फेंक में वंश चौधरी प्रथम, नितिन द्वितीय, गोला फेक में अंकित सैनी प्रथम, अभिमन्यु द्वितीय, लंबी कूद सिद्धार्थ प्रथम, अंकित द्वितीय, गार्गी तोमर 5000 मीटर में प्रथम, 1500 में प्रथम रानी, द्वितीय अनुष्का, तृतीय अंजुम चौधरी रही। ऊंची कूद प्रथम संजना, द्वितीय तनुजा राठी, 1500 मीटर में प्रथम प्राची रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, कपिल कुमार, संदीप कुमार, अंकित कुमार, अनिल कुमार, मुकेश, अजय धीमान, आजाद, शाकिर आदि मौजूद रहे।

# बलवा व कलेक्ट्रेट चौराहे पर फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की सांसद चौधरी इकरा हसन ने बलवा व कलेक्ट्रेट चौराहे पर फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने इन दोनों जगहों पर हो रही दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है।

कैराना से सपा सांसद चौधरी इकरा हसन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। बताया कि पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय मार्ग-709एडी के कलेक्ट्रेट चौराहे व दिल्ली-यमनोत्री मार्ग-709बी के शामली बाईपास पर स्थित बलवा चौराहे पर जाम व दुर्घटनाओं की समस्या बनी हुई है। यह क्षेत्रवासियों एवं अन्य राहगीरों के लिए गम्भीर चुनौती है। पत्र में बताया कि विगत दिनों उनके द्वारा संसद में पूछे गए



सवाल के प्रतिउत्तर में परिवहन मंत्रालय ने बताया था कि नौ ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही है। इन स्थानों पर हो रही दुर्घटनाओं को रो. कने के लिए विभाग द्वारा योजनाएं तैयार की जा रही है।

पत्र में बताया कि उपरोक्त दोनों चौराहे भी ऐसी ही संवेदनशील जगहों में शामिल है। इन स्थानों पर फ्लाईओवर के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी तथा राहगीरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। सांसद ने जनहित के मद्देनजर पत्र में की गई मांगों को शीघ्र स्वीकार करके सकारात्मक कदम उठाए जाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# पुलिस ने राशि कराई वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साइबर ठगो द्वारा रिश्तेदार बनकर ठगी किए गए 94 हजार रुपये की राशि वापिस कराई। पीडित की शिकायत पर साइबर पुलिस ने उक्त ठगो द्वारा ठगी गई उक्त धनराशि राजस्थान स्थित जयपुर के बैंक में फ्रीज कराई थी।

रेलवे रोड स्थित निवासी श्रवण कुमार ने बीते वर्ष आठ जून को साइबर सेल में तहरीर देते हुए बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ धोखाधड़ी कर 94 हजार 94 रुपये साइबर ठगी करली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 66 डी आईटी एक्ट में मामला दर्ज जांच प्रारंभ की। साइबर पुलिस ने मामले की त्वरित जांच करते हुए उक्त रकम राजस्थान स्थित जयपुर के बैंक में उक्त रकम को फ्रीज करादी। रविवार को पुलिस ने श्रवण कुमार की शतप्रतिशत उक्त रकम वापिस करादी। रुपये पाकर श्रवण कुमार ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# वांछित वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित 12 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया हैं। पुलिस के मुताबिक फुलास अकबरपुर निवासी शफीक, थीतकी निवासी ओमकार, मो. शाकिर, गोपाली निवासी अनिल कुमार, घलौली निवासी सुरेश, साल्हापुर के राजेंद्र, बास्तम गांव निवासी दीपक कुमार, न्यामतपुर गांव निवासी भूरा उर्फ हुसनपाल, मोहल्ला मुलतानियान निवासी वसीम, वाल्मीकि बस्ती निवासी सुमित, मोहल्ला पठानपुरा निवासी तासीन और शाहरमजुद्दीन (अबुलमाली) निवासी टाबर उर्फ आबिद को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी के वांरट जारी थे।

# 145 मधुमक्खियों के डिब्बे जल कर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** हल्दौर के ब्लॉक परिसर में आग लगने से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला समूह के करीब 145 मधुमक्खियों के डिब्बे जलकर नष्ट हो गए।

ब्लॉक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नीलम, परमात्मा, पिता परमेश्वर, राधे राधे आदि समूहों की डोली, बबली, संतोष देवी, बुलबुल, दयावती आदि ने यूकेलिप्टस पेड़ में करीब 145 डिब्बों में मधुमक्खियों का पालन कर रखा है। पास ही कूड़ों का ढ़ेर पड़ा हुआ। शनिवार की देर शाम अचानक ढेर में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मधुमक्खियों के डिब्बे जलकर राख हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीओ अजयपाल सिंह व अन्य कर्मचारियों ने आसपास से पानी डालकर आग पर काबू पाया। एडीओ के अनुसार आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने थाने में इस संबंध में तहरीर दी है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव








**कैराना।** भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ में मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में हवन पूजन, विचार गोष्ठी व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबुद्ध लोगों को भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट करके सम्मानित किया गया। रविवार को कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर परिसर में स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में परशुराम दल कैराना की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंडित स्वराज शर्मा ने की। इससे पूर्व, आचार्य विनोद पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार करके हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया गया, जिसमें विश्व शांति एवं समस्त जीव प्राणियों के कल्याण की कामना करते हुए पूर्ण आहुति दी गई। कार्यक्रम में परशुराम सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विनोद शर्मा सहारनपुर मुख्यातिथि व समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राक. ेश शर्मा मुजफ्फरनगर विशिष्ट अतिथि के तौर पर रहे। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों द्वारा समाज व राष्ट्रहित में दिए गए अपने सकारात्मक योगदान को उपस्थित जनसमूह के साथ मे साझा किया गया। कार्यक्रम में कस्बे के खन्द्रावली मार्ग पर स्थित हिमालय मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्या मती अलका तिवारी समेत अनेकों विभूतियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम की तस्वीर प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे लोगो ने प्रसाद ग्रहण करके धर्म लाभ उठाया। अश्वनी शर्मा, अंशुल शर्मा, अंकुर भारद्वाज, सुशील शर्मा, मनोज शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, शोभित भारद्वाज, राहुल शर्मा मौजूद रहे।

# सांप्रदायिक नारे लगवाने का आरोपी पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खेत में पानी चला रहे वृद्ध से सांप्रदायिक नारे लगवाने और उसकी वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आया है। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। घटना को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई किये जाने की मांग की हैं।

अमरपुरगढ़ी निवासी वृद्ध किसान मोहम्मद इसराईल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह खेत में पानी चला रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचे युवकों ने नाम पूछा और उसके बाद धार्मिक टिप्पणी करने के साथ उससे सां. प्रदायिक नारे लगवाए। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे देश छोड़कर जाने की धमकी भी दी।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शौर्य अम्बेडकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में देवबंद कोतवाली पर प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। शौर्य अम्बेडकर ने कहा कि इस तरह की घटनाएं देश की एकता अखंडता पर हमला हैं। नगर क्षेत्र का सांप्रदायिक माहौल खराब करने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। यदि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो भीम आर्मी आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।



शोर सुनकर आसपास काम कर रहे किसान दौड़कर वहां पहुंचे और दोनों युवकों को दबोच लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को दोनो युवको को सौंप दिया गया। जानकारी मिलने पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शौर्य आंबेडकर के नेतृत्व में कार्यकर्ता पीड़ित को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान देव. बंद विधानसभा अध्यक्ष डा. नरेंद्र लांबा, सुमित कुमार, भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष इस्लाम मलिक, अंकुर, अक्षय, अजमल खान, वसीम मलिक, साइम सिद्दीकी, सुफियान कुरैशी आदि भीम आर्मी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# समाज का देश की आजादी में योगदान: शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सनातन संस्कृति जीवित हैं क्यों कि उसमें हमारे समाज का सबसे अधिक योगदान रहा हैं। देश की आजादी में भी ब्राह्मण-त्यागी समाज किसी से पीछे नहीं रहा।

भाजपा के पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा देवीकुंड रोड स्थित एक पैलेस में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़े के अवसर पर आयोजित ब्राह्मण-त्यागी समाज के संयुक्त कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि भगवान परशुराम सनातन धर्म की अखंडता और एकता के प्रतीक हैं। प्राचीन काल से ब्राह्मण और त्यागी समाज ने असुर शक्तियों का विनाश किया। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने राजनीतिक दलों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि 2024 में सहारनपुर



में त्यागी ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी की हार का बदला 2027 में लिया जाएगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से स्वर्ण आयोग बनाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमंत धाम के महंत संत शर्मा ने संचालन मोहन फौजी ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशि त्यागी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट संदीप शर्मा, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, एडवोकेट जनार्दन त्यागी, भाजपा नेता ईशान गौड़, ठाकुर सुरेंद्र पाल, गजराज राणा, पंडित आत्माभुवी महाराज, मनोज भारद्वाज, मोहित गौतम, अनिल शर्मा, दुष्यंत शर्मा, दीपक त्यागी, विपिन त्यागी, आचार्य वासुदेव देवेंद्र शर्मा आदि शामिल रहें।

# कुणाल वर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराये जाने के साथ ही मंच का सदस्यता अभियान चलाने पर विचार विमर्श किया गया।

मोहल्ला कायस्थवाड़ा में उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच कि आयोजित बैठक में मंच अध्यक्ष चौ. ओमपाल सिंह ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूर बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर विचार विमर्श किया गया है उन्होंने बताया जल्द ही नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर एशिया वेटलिफ्टिंग स्वर्ण पदक एवं कास्य पदक जीतने वाले कुणाल वर्मा को पटका एवं प्रतीक चिन्ह देकर




सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामकला सैनी व संचालन हाजी मास्टर हनीफ ने किया। बैठक में विजय बजाज, सुशील जाटव ,कृष्ण शर्मा, शहरीश मलिक, सलमान अली, इस्लाम, वहाब, शिवकुमार कश्यप, डॉ. कल्याण सिंह ,धनराज त्यागी, सुखबीर कश्यप, मोहसिन, वाजिद अली, नरेश धीमान, रेखा, सुरेंद्र बबली जाटव आदि मंच कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बच्चों ने अभिभावकों को दिए उपहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेनिसन स्कूल में मदर्स-डे पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के लिए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। इस दौरान बच्चों ने अभिभावकों को उपहार भेंट किए।

इंद्रपुर मार्ग स्थित बेनिसन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविताओं और नाट्य प्रस्तुतियां देकर मातृत्व के महत्व को भावपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाए गए कार्ड्स और उपहारों ने सभी माताओं को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने कहा कि मां जीवन की पहली गुरु होती है। इस दिन का उद्देश्य माताओं के प्रति



आभार प्रकट करना और उनके त्याग व स्नेह को सम्मान देना है।

स्कूल के प्रबंधक डॉ. शाइस्ता चौधरी एवं नदीम चौधरी ने संयुक्त रुप से कहा कि इस आयोजन ने न केवल बच्चों को मातृत्व का सम्मान करना सिखाया, बल्कि माताओं और बच्चों के बीच के संबंध को और भी



सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में माताओं के लिए खेल और गतिविधियां भी रखी गईं, जिनमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में माताओं को विद्यालय की ओर से उपहार भेंट किए गए।

# ट्रेन से गिरकर असम के व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ट्रेन से गिरकर 45 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को रेलवे लाइन के नगीना-पुरैनी स्टेशनों के बीच खम्मा नंबर 1472/13-15 के अंतर्गत गेट नंबर 467 के पास एक व्यक्ति की गाड़ी संख्या 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस से गिरकर मृत्यु हो गई। चलती हुई ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मृत्यु की सूचना



मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और सिविल पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। घटना के संबंध में थाना प्रभारी नगीना तेजपाल सिंह ने बताया कि थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हसनअलीपुर भोगन के पास एक व्यक्ति ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी दुखद मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान कमल (45 वर्ष) पुत्र सदराबहादुर निवासी देवपानीदडा थाना सफाकुंआ जनपद तिनसुकिया असम के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परि. जनों को सूचित कर दिया गया है। मृतक के शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# धामपुर में साहित्यकार सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साहित्यिक सांस्कृतिक राजधानी धामपुर में अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका की ओर से आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह, कवि सम्मेलन और पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में साहित्यकारों ने वर्तमान समय में साहित्यकारों के दायित्वों पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय हित में लेखनी चलाते हुए राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत साहित्य की आवश्यकता पर बल दिया।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और नरेंद्र जीत सिंह अनाम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर समारोह के




प्रथम चरण में मुख्य अतिथि आनंद दीवान, पवन कुमार शर्मा (देहरादून), डॉ.पंकज भारद्वाज ( बिजनौर), अमन कुमार त्यागी (नजीबाबाद) सहित विशिष्ट अतिथि सतेन्द्र शर्मा तरंग, हरीश रवि, संजय प्रधान, आनन्द सिंह आनंद, पवन कुमार सूरज (देहरादून), संजीव शर्मा 'एकल' (जसपुर), डॉ. हितेन सिंह तड़प (मेरठ) सहित धामपुर की विशिष्ट प्रतिभाओं डॉ. राजेंद्र चौधरी, सुमित शर्मा, रोमियो मयूर को मुख्य वक्ता डॉ. शंकरलाल शर्मा क्षेम ने अंग वस्त्र, माला और सम्मान पत्र अभिव्यक्ति रत्न सम्मान 2025 से अलंकृत किया। इसी श्रृंखला में प्रोफेसर पूनम चौहान, शुचि शर्मा, आभा शर्मा, ज्योति रानी, डॉ. पंकज कुमार, नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. भूपेन्द्र कुमार, राजकुमार सिंह, हरिकांत शर्मा, डॉ. सारंगा देश असीम, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अभिनव शर्मा, राम सिंह सैनी सुमन, विभोर अग्रवाल, अशोक कुमार, वीरेंद्र बेताब, मनोज कात्यायन, भूपेन्द्र शर्मा, डॉ. जितेन्द्र कौशिक, अभिषेक भारद्वाज, संजीव कौशिक, मुकेश कुमार कपिल तुली, हरिकांत शर्मा आदि को अभिव्यक्ति रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मित्र लोक देहरादून की ओर से आनंद दीवान, पवन शर्मा, सतेन्द्र शर्मा तरंग आदि ने कार्यक्रम संचालक डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल' को साहित्य प्रहरी सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहित्यकार डॉ. भूपेन्द्र कुमार की कृति अखिल जग में गीत गूंजते का लोकार्पण सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में कवियों ने राष्ट्र प्रेम की रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा अरुण के निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल शर्मा अनिल ने किया।

# 16 से फिर शुरू हो सकता है IPL

**● फाइनल 30 मई को मुमकिन, भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण बीच में रोक दी थी लीग**




**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। मीडिया रिपोर्ट्स में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी गई। अब बाकी 16 मैचों के लिए नया शेडयूल जल्द जारी होगा। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 9 मई को आईपीएल 2025 सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने लीग को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 8 मई तक 58 मैच हो चुके थे। यानी अब 16 मुक. ाबले बाकी हैं। इनमें 12 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्ले ऑफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुक. ाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें हैं। बाकी टीमें अभी प्ले ऑफ की रेस में बरकरार हैं। जो 16 मुकाबले बाकी हैं वे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 अलग-अलग शहरों में होने थे। इनमें लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, जयपुर और कोलकाता शामिल हैं। अभी यह तय नहीं है कि ये मुकाबले इन तमाम शहरों में होंगे या इनमें कटौती होगी। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। इस समय दुनिया में कहीं कोई और बड़ी सीरीज नहीं हो रही है लिहा. जा इसमें ज्यादा परेशानी नहीं होनी चाहिए। बीसीसीआई आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल-मई का विंडो उपलब्ध होता है। यानी इस टाइम पीरियड में दुनिया में कहीं और कोई बड़ी सीरीज नहीं हो रही होती है। अगर आईपीएल के बाकी मैच मई में नहीं हुए तो फिर बोर्ड को सितंबर तक का इंतजार करना पड़ सकता है। जून में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है।

# सीजफायर उल्लंघन पर सहवाग-धवन ने पाक को लताड़ा




**संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद पाक अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान ने चार दिन के संघर्ष के बाद संघर्ष विराम का एलान किया। हालांकि, शनिवार शाम पांच बजे से संघर्ष विराम शुरू हुआ और इसके कुछ घंटों बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर फिर से गोलीबारी की गई। अब पाकिस्तान को भारत के पूर्व क्रिकेटर्स ने लताड़ा है।

वीरेंद्र सहवाग और शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। दरअसल, संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया। उसने संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार रात 11 बजे प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई, जिसमें बताया कि पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है, जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया। मिस्री ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान की तरफ से इस तरह की हरकत करने पर मुंहतोड़ जवाब देगी। सीजफायर के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ है। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के चार घंटों बाद ही जम्मू-कश्मीर में ड्रोन देखे गए और धमाके सुनाई दी। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की। ड्रोन और धमाकों की आवाज सुनाई दिए जाने के बाद एहतियात के तौर पर राजस्थान और पंजाब के कई शहरों में फिर से बिजली काटी गई। इसके बाद सहवाग ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। वहीं शिखर धवन ने भी एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि घटिया देश ने फिर अपना घटियापन पूरी दुनिया के आगे दिखा दिया।श वहीं, पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान में तीन शक्ति केंद्र हैं- सेना, आईएसआई और प्रधानमंत्री। भले ही उनमें से कोई एक सहमत हो, लेकिन तीनों के लिए किसी एक बात पर सहमत होना लगभग असंभव है। पाकिस्तान के लिए पिछले तीन दिन काफी नहीं थे। इस उकसावे (सीजफायर का उल्लंघन) के बाद भारत पाकिस्तान को जीवन भर का

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पूर्व ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेटर बॉब काउपर का निधन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेलने वाले क्रिकेटर बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने काउपर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा कि काउपर एक बेहद प्रतिभाशाली बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। वह अपने शानदार स्ट्रोक, क्रीज पर धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते बड़े स्कोर बनाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थे। सीए ने कहा इस दुखद समय में बॉब के परिवार, दोस्तों और पूर्व साथियों के प्रति हमारी गहरी संवे. दनाएं। बाएं हाथ के बल्लेबाज काउपर ने अपना अधिकांश प्रथम श्रेणी क्रिकेट विक्टोरिया के लिए खेला। उन्होंने 1959-60 और 1969-70 के बीच कुल 147 मैचों में 26 शतकों के साथ 53-78 की औसत से 10,595 रन बनाए। अपने 27 टेस्ट मैचों में काउपर ने पांच शतकों के 2061 रन बनाए। इसमें 1966 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी 307 रन की यादगार पारी भी शामिल है। अंशकालिक ऑफ स्पिनर के रूप में काउपर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 183 और टेस्ट मैच में 36 विकेट लिए। उन्होंने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में भी काम किया।

### नवोन को हरा सिनर इटालियन ओपन के अगले दौर में

**रोम, वार्ता।** डोपिंग मामले में तीन महीने के निलंबन के बाद मैदान पर लौटे इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी यानिस सिनर ने अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को हराकर इटालियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। यानिस सिनर ने पुरुष एकल मुकाबले में घरेलु दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए मारियानो नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहली बार घरेलु दर्शकों के सामने खेलते हुए यह पहली जीत दर्ज की है यह उनकी लगातार 22वीं जीत है। सिनर अगले दौर में नीदरलैंड के जेसपर डे जोंग से मुकाबला होगा।

# विराट टेस्ट से संन्यास न लें: लारा



**कहा: टेस्ट क्रिकेट को उनकी जरूरत, आगे 60 से ऊपर की औसत से रन बनाएंगे**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ब्रायन लारा ने कहा कि विराट कोहली को अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए। दरअसल, यह खबर सामने आई थी कि विराट ने बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी दी है। हालांकि, बीसीसीआई ने उनसे अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। लारा टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में 400 रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने इंस्टग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा- टेस्ट क्रिकेट को विराट की जरूरत है, उन्हें मना लिया जाएगा। वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। विराट अपने बचे हुए टेस्ट करियर में 60 से ऊपर की औसत से रन बनाने जा रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 25 से कम की औसत से रन बनाए थे बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। पिछले 5 साल में उन्होंने 37 टेस्ट में सिर्फ 3 शतक लगाए और औसत 35 से भी नीचे रहा। इससे पहले कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल 2025 में वह जबरदस्त फार्म में रहे।

# रिकी पोंटिंग के बोलने पर पंजाब प्लेयर्स ने फ्लाइट छोडी

**● सीजफायर के बाद कोच का फैसला, सुरक्षा वजह से दिल्ली के खिलाफ मैच टला था**




**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के हेड कोच रिकी पोंटिंग अपने घर ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान हुआ। इसके बावजूद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर के पास स्वदेश वापस जाने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने ऐसा न करने का निर्णय लिया और आखिरी समय में फ्लाइट से उतर गए। साथ ही सभी विदेशी प्लेयर्स को भी इसके लिए मनाया। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल 2025 को सस्पेंड करना पड़ा था। तब बीसीसीआई ने कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है और ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। 10 मई को पाकिस्तान के साथ सीजफायर समझौते के बाद आईपीएल 16 मई से फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में लीग के बचे हुए मुकाबले के वेन्यू डिसाइड करने को लेकर बीसीसीआई मंथन कर रहा है। इसके लिए सरकार से सुझाव भी लिए जा रहे हैं और अगले 48 घंटों में इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है। धर्मशाला स्टेडियम में 8 मई को पंजाब-दिल्ली का मैच हो रहा था। 10.1 ओवर का खेल हो चुका था, तभी सुरक्षा कारणों से मैच रद्द कर दिया गया। स्टेडियम में ब्लैकआउट कर दिया गया। इसके बाद प्लेयर्स को दूसरे दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली पहुंचाया गया था। पोंटिंग अगले 2 दिन दिल्ली में ही रुके था और उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी जो दो देशों के बीच बढ़ते तनाव से चिंतित थे उन्हें समझा कर भारत में ही रोका जाए। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने वर्ल्ड कप विनर कैप्टन के बारे में कहा, यह पोंटिंग के चरित्र को दर्शाता है। केवल वही ऐसा कर सकते थे।

# पाक से निकलकर अच्छा लग रहा: रिशाद



**भारत-पाक तनाव के कारण एयरपोर्ट पर टॉम रोने लगे थे**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेशी लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने पाकिस्तान से दुबई पहुंचने के बाद पत्रकारों से कहा कि हम एक तनाव के बीच दुबई पहुंचकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। रिशाद ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) में भाग ले रहे विदेशी खिलाड़ियों के अनुभव को साझा किया।

वे पाकिस्तान सुपर लीग में लाहौर कलंदर्स से खेलते हैं। 9 मई को पीसीबी ने पाकिस्तान लीग कैंसिल की भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पीसीएल को 9 मई को स्थगित कर दिया गया था। जिसके बाद विदेशी खिलाड़ी अपने-अपने घर लौटने लगे। पीसीएल में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों को यूएई भेजा गया, जहां से उन्हें उनके देश के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की सुविधा दी गई। मिचेल ने दोबारा पाकिस्तान न आने की बात कही रिशाद ने बताया कि सैम बिलिंग्स, डेरिल मिचेल, कुशल परेरा, डेविड वीजे, टाम करन जैसे खिलाड़ी पूरी तरह से डरे हुए थे। दुबई उतरने के बाद डेरिल मिचेल ने मुझसे कहा कि वे ऐसी स्थिति में दोबारा कभी पाकिस्तान नहीं जाएंगे। सभी खिलाड़ी भयभीत थे। इंग्लैंड के क्रिकेटर टाम करन तो इस कदर घबरा गए कि वे रोने लगे। जब टाम एयरपोर्ट पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि एयरपोर्ट बंद है। इसके बाद वे बच्चे की तरह रोने लगे। उन्हें संभालने के लिए 2-3 लोगों की जरूरत पड़ी। नाहिद राणा काफी तनाव में थे रिशाद ने बताया कि बांग्लादेशी पेसर नाहिद राणा बहुत चुप थे।

# इंग्लैंड दौरे पर जाएगी युवा टीम इंडिया!

**रोहित और विराट के रिप्लेसमेंट ढूंढने होंगे, 9 खिलाड़ी उनकी जगह लेने को तैयार**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 10 मई को खबरें आई कि विराट कोहली ने भी बीसीसीआई से टेस्ट रिटारयरमेंट की इच्छा जता दी। हालांकि, बोर्ड उन्हें मनाने में जुटा है।

अगर विराट भी रिटायर हो गए तो टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचेगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा? शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान और ऋषभ पंत उप कप्तान बनाए जा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को देखते हुए उन्हें लीडरशिप रोल देना मुश्किल है। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि बुमराह अगर कप्तान नहीं बने तो उन्हें उपकप्तान बनाने का कोई मतलब नहीं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे हैं। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी।

शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। 23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। 24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था।

उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। विराट कोहली ने बीसीसीआई को टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जता दी। वे टीम में नंबर-4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वाड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल आर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं।

# मधुरा ने जीता पहला विश्व कप स्वर्ण




**वर्मा और मधुरा ने कम स्कोर वाले प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर पोडियम पर अंतिम स्थान हासिल किया**

**शंघाई, वार्ता।** मधुरा धामनगांवकर ने विश्वकप तीरंदाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने सपनों की वापसी की जबकि भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने यहां तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में एक और स्वर्ण पदक जीतकर भारत को पदकों की झड़ी लगा दी। तीन साल के अंतराल के कारण विश्व तीरंदा. जी स्टैंडिंग महिलाओं की कंपाउंड टीम के फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय तिकड़ी को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एकतरफा फाइनल के बावजूद टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता दिखाई।

भारत का अभियान मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, जहां वर्मा और मधुरा ने कम स्कोर वाले प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर पोडियम पर अंतिम स्थान हासिल किया। मधुरा, इससे पहले आखिरी बार मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में दिखाई दी थीं, ने अपने प्रदर्शन के साथ वापसी की है जो भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

मिश्रित टीम वर्ग में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी की शुरुआत होने के साथ, विश्व कप चरण में भारत का लगातार प्रदर्शन इसकी ओलंपिक आकांक्षाओं के लिए एक आशाजनक संकेत है।

## दीपिका, पार्थ ने जीते कांस्य पदक

**शंघाई, वार्ता।** ओलंपियन दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंके ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2025 में व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में कांस्य पदक अपने नाम किये। इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में कुल सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। दीपिका कुमारी ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह तीरंदाजी विश्व कप में उनका 37वां पदक है। इससे के साथ ही वह अब सबसे अधिक पदक जीतने वाली भारतीय तीरंदाज बन गईं। 12वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी कांस्य पदक मैच में टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाली कोरिया गणराज्य टीम की सदस्य कांग चाए-यंग को 7-3 से हराकर यह पदक जीता। इससे पहले दीपिका ने क्वार्टरफाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से हराया था। सेमीफाइनल में उन्हें दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लिम सिहयोन से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पार्थ सालुंखे ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के दौरान कई उलटफेर किए। सालुंखे ने कांस्य पदक के लिए हुए मैच में फ्रांसीसी तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को 6-4 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले राउंड में शूट-ऑफ में टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज को हराया और फिर इसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल में दक्षिण कोरिया की किम जे देओक को 6-2 से मात दी।

# अनाहत ने विश्व की 28वें नंबर की खिलाड़ी को घुटनों पर बैठाया

**शिकागो, वार्ता।** भारत की युवा स्क्वैश सनसनी अनाहत सिंह ने वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की वर्ल्ड नंबर 28 मरीना स्टेफनोनी को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व में 62वें स्थान पर और भारत की शीर्ष रैंक की 17 वर्षीय महिला खिलाड़ी अनाहत ने शुक्रवार को उच्च रैंक वाली अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 51 मिनट के मैच में 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 (10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6) से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के बाद अनाहत ने कहा, ह हमने वास्तव में लंबी रैलियां कीं और वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वह वास्तव में अच्छा खेल रही है और शीर्ष 30 में शामिल हो गई है। मुझे पता था कि यह एक संघर्ष होने वाला है। मैं थक गई हूँ, लेकिन वास्तव में खुश हूँ कि मैं इससे बाहर निकल गई। ड्रॉ में एकमात्र भारतीय महिला अनाहत को अब दूसरे दौर में मिस्र की विश्व नंबर 15 फैरोज़ अबोएलखिर के रूप में एक और भी कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहां जीत से वह प्री-क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर 1 नूरन गोहर से भिड़ सकती है। इस बीच, भारतीय पुरुषों ने भी पहले दिन सफलता का आनंद लिया, जिसमें चार प्रतिभागियों में से तीन दूसरे दौर में पहुँच गए। 38वें स्थान पर काबिज अभय सिंह ने स्विट्जरलैंड के विश्व नंबर 25 निक. ोलस म्यूलर को 41 मिनट में 3-1 (11-7, 2-11, 11-7, 11-6) से हराया। अब उनका सामना मिस्र के 13वें वरीय यूसुफ इब्राहिम से होगा।

## श्रियांशी, बिनीत व सुमित अंतिम 16 में

**लखनऊ, वार्ता।** देश भर के आए उम्दा खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन का नजारा लखनऊ में चल रही 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के दूसरे दिन देखने को मिला। इसमें जबरदस्त मुकाबलों के साथ कई राज्यों के धुरंधरों ने अपने-अपने वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। उत्तर प्रदेश की श्रियांशी अस्थाना, बिनीत कुमार यादव व सुमित कुमार भारती ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर अंतिम 16 में स्थान सुरक्षित किया। इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के तत्वावधान में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में इस चैंपियनशिप का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है।

# भारत ने त्रिकोणीय सीरीज जीती, श्रीलंका को हराया

**भारत की तरफ से स्नेहा राणा ने चार और अमनजोत ने तीन विकेट हासिल किए**



**कोलंबो, वार्ता।** भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। कोल. बो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान चामरी अटापटू ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत झटके के साथ हुई। अमनजोत कौर ने पहले ही ओवर में हसिनी पेरेरा को बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल पाई। हालांकि, श्रीलंका ने इससे उबरते हुए विश्मी गुनारत्ने और चामरी अट्टापट्टू की साझेदारी की बदौलत दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। अमनजोत ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। विश्मी 36 और चामरी 51 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा निलक्षिका सिल्वा ने 48, हर्षिता समरविक्रमा ने 26 और देवमी विहंगा ने चार रन बनाए। फिलहाल अनुष्का संजी. वनी और पियूमी वत्सला क्रीज पर मौजूद हैं। 37 ओवर के बाद स्कोर 189/6 है। टीम इंडिया को पहला झटका प्रतिका रावल के रूप में लगा। वह 49 गेंद पर दो चौके की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुईं। रावल ने मंधाना के साथ ओपनिंग विकेट के लिए 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद मंधाना ने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच मंधाना ने वनडे करियर का 12वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंद में 15 चौके और दो छक्के की मदद से 116 रन की पारी खेली। वहीं, हरलीन देओल 56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन बना सकीं। इसके बाद हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत 30 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन और जेमिमा 29 गेंद में चार चौके की मदद से 44 रन बना सकीं। ऋचा घोष आठ रन और अमनजोत कौर 18 रन बनाकर आउट हुईं।

### आईएमए के 41वें वार्षिक मैडिकल सेमिनार में विशेषज्ञों का व्याख्यान, मेडिकोन स्मारिका का विमोचन

# सैनिकों की तरह चिकित्सक कर्तव्य निभाएं: डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईएमए के 41 वें वार्षिक मेडिकल सेमीनार में मेडिकोन स्मारिका विमोचन के साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये गये।

देहरादून रोड स्थित एक हॉल में आयोजित सेमीनार को महापौर डा अजय सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, आईएमए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान, सचिव डॉ महेश चन्द्रा, कोषाध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल एवम मेडिकल कालेज प्रिंसिपल डॉ सुधीर राठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया और मेडिकोन स्मारिका का विमोचन किया। डॉ महेश चन्द्रा,डा विकास कुमार अग्रवाल और डा सौम्या जैन, डा अनुपम मालिक, डा रजनीश दहूजा, डा प्रवीण शर्मा, डॉ रविकांत निरंक.ारी, डॉ कलीम अहमद, डॉ गुनिता जैन, डॉ रिक्की चौधरी आदि ने आये हुए स्पीकर्स का स्वागत किया।



आईएमए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान ने कहा की डॉक्टर्स का पंजीकरण 5 साल के लिए मान्य करने के लिए हम सरकार का धन्यवाद देते है, इस समय देश में युद्ध जैसी स्तिथि बन रही है इसमें हमारे सैनिक बॉर्डर पर अपनी जान की बाजी लगा कर देश की सुरक्षा कर रहे है हम डॉक्टर्स और सभी नागरिकों को देशहित में अपने-अपने क्षेत्र में योगदान जरूर करना चाहिए। सचिव डॉ महेश चन्द्रा ने कहा कि इस प्रकार के मेडिकल सेमिनार से जो कुछ भी चिकित्सक सीखते है उसका इस्तेमाल आम जनमानस की भलाई और बेहतर इलाज के लिए किया जाना चाहिये।



■ **चिकित्सकों को मरीजों के साथ संवेदनशील होकर संवाद करने की जरूरत: मनीष बंसल**

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने चिकित्सको को समाज के सभी वर्गों को बेहतर इलाज देने की अपील की। उन्होंने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बताया और कहा कि डॉक्टर्स को मरीजो के साथ संवे.दनशील होकर सँवाद करने की जरूरत है।

मेयर डा अजय सिंह ने कहा की देश के सैनिक जिन हालातो में देश की रक्षा करते है वैसे ही डॉक्टरों को भी अपने कर्तव्य निभाने चाहिए और देशसेवा के सभी अवसरों पर आगे आना चाहिये।

कार्यक्रम को मेडिकल कालिज प्रिंसिपल डॉ सुधीर राठी एवम मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. अमिताभ गौतम, डॉ. कुलदीप ठाकुर, डॉ. आदित्य जिंदल, डॉ. करमवीर चंदेल, डॉ. कृष्णदेव बर्मन, डॉ. एस. के. मिश्रा, डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने लिवर रोग, थायराइड, अस्थमा, रेडियोलॉजी, त्वचा रोग, डाइबिटीज, हृदय रोग आदि पर व्याख्यान दिये। अंत मे कार्यक्रम के संयोजक डॉ सौम्य जैन ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया।

सेमीनार में डा रजनीश दहूजा,डॉ संजीव मित्तल, डा कलीम अहमद, डा मोहन सिंह, डा मोहन पांडे, डॉ विवेक बनर्जी, डा राजेश शर्मा, डा अनिता मलिक, डा सीमा अग्रवाल, डा नूतन उपाध्याय, डा ननिता चन्द्रा, डा इंदिरा भार्गव, डा पूनम मखीजा, डा रंजू चौधरी,डॉ आकांशा ठक्कर, डॉ राहुल सिंह, डॉ डी के तिवारी, डॉ डी के गुप्ता, डॉ आर एस पंवार, डॉ ऋचा तिवारी, डॉ रवि ठक्कर, डॉ सीएम कमाल, डॉ आर एन बंसल, डॉ परवीन चावला, डॉ स्वर्णजीत सिंह, डॉ सी एस चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डा नीतू जैन, डा साक्षी मलिक और डॉ अनुपम मलिक ने संयुक्त रूप से किया।

# बसपा राष्ट्रीय पार्टी ही नहीं बल्कि एक मिशन: रणधीर सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी ही नहीं बल्कि एक मिशन है।

श्री बेनीवाल मण्डल कार्यालय पर आयोजित बसपा की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि आज बहुजन समाज का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है और लोग बहन जी की सरकार को याद कर रहे है, आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है इसलिए कार्यकर्ता जी जान से संगठन के काम मे जुट जाएं। मण्डल कोर्डिनेटर डॉ मेघराज सिंह जरावरे ने कहा आज देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है, देश के हालात ठीक नही है, महंगाई चरम सीमा पर है, किसान मजदूर की कोई भी पार्टी बात नहीं कर रही हैं केवल बहुजन समाज पार्टी ही जन समस्याओं का समाधान कर सकती है। कोर्डिनेटर सरफराज राईन ने कहा कि आने वाले चुनाव में कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती के साथ उभारे। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने संगठन मजबूती व एकजुटता पर जोर दिया।

■ **ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया के छोटे भाई के निधन पर जताया दुख**

बैठक में कुलदीप बालियान मण्डल कोर्डिनेटर, राजेश प्रधान, जिला प्रभारी रजनीश उजाला, सोनित प्रधान, जीशान गाड़ा, रजनीश बन्धु, लोकेश राणा, मनीष कम्बोज, ललित कुमार, राजू पालीवाल, स्वराज पार्षद, आदि ने अपने विचार रखे। अंत में सभी ने पुंवारका ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया के छोटे शहजाद की सडक दुघर्टना में हुई मौत पर गहरा दुख जताया और कहा कि इस दुख की घडी में पूरी बसपा शोकाकुल परिवार के साथ है।

बैठक में राहुल बोध, टीनू, के आर बाटला, सुनेश प्रधान एस आलम,जितेंद्र, अरुण कुमार, अनिल धारिया, बीरसिंह, सूरज प्रधान, डॉ, एहतेशाम, रतिराम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मां हमारी पहली शिक्षिका और आदर्श: डॉ. खालिद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाईन हिल्स एकेडमी में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया।

मंडी समिति रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ खालिद एडवोकेट ने कहा कि माँ हमारी पहली शिक्षिका आदर्श गुरु होती है। मां पल-पल जितने बलिदान अपने बच्चे के लिए देती है उसका शुक्रिया अदा करने लिए एक दिन तो क्या बल्कि पूरी उम्र कम है। प्रिंसिपल सैयद मोहम्मद समीर ने कहा कि हर मां चाहती है कि उनका बच्चा अपनी जिंदगी के हर क्षेत्र में सफल बने। प्रेसिडेंट सऊद खान ने कहा कि सबको मां का सम्मान करना चाहिए उनकी हर बात माननी चाहिए क्योंकि मां से बड़ा दुनिया में कोई हितैषी नहीं होता। इस अवसर पर बच्चों ने कविताओं और गीतों के माध्यम से माँ के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त की। विद्यालय में ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने सुंदर और मनमोहक कार्ड बनाये और सबने बच्चो कि प्रस्तुतियों कि प्रशंसा कर उनका हौंसला बढ़ाया।

# देशहित में है एक राष्ट्र एक चुनाव: धर्मपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाजपा की महत्वाकांक्षी योजना 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर रविवार को रामपुर मनिहारान में प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

देवबंद रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर भाजपा महामंत्री धर्मपाल सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, समाजसे.वियों, शिक्षाविदों और व्यापारी वर्ग समेत विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए धर्मपाल सिंह ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा बार-बार चुनाव होने से न केवल आर्थिक संसाधनों पर बोझ पड़ता है। बल्कि विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। देशहित में एक साथ चुनाव जरूरी है, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का हिस्सा बताया और कहा कि भाजपा संगठन और कार्यकर्ता इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि बार बार चुनाव होने के कारण आचार संहिता लगने से विकास कार्य बाधित होते हैं।सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी चुनावों में लगने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं।उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए आवश्यक हैं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता योग गुरु भारत भूषण व संच.ालन पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मेलाराम पँवार ने किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को समर्थन देने की शपथ ली।

इस अवसर पर पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, विधायक चौधरी कीरत सिंह, विधायक देवेंद्र निम, विधायक राजीव गुम्बर, विधायक मुकेश चौधरी, मेयर डॉ अजय कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह, मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी, नक्षत्र पँवार, हैदर चौधरी, अजीत राणा, डॉ हरि कुमार सैनी, प्रमोद कौशिक,प्रवीण सैनी, दीपक सैनी, अनिरुद्ध सैनी आदि काफी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में नर्स दिवस पर भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की पूर्व बेला पर ग्लोकल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में ग्लोकल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड रिसर्च सेंटर के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे, अकाद.मिक इंचार्ज डॉ. रेशमा ताहिर, चीफ प्रॉक्टर जमीरुल इस्लाम, डीन फार्मेसी कॉलेज, प्रोफेसर उमेश कुमार, प्राचार्य, ग्लोकल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, प्रोफेसर अरुल वेन्धन सैमुअल, उप डीन कुलदीप के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं रचेल जोसेफ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। बी.एससी नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत माइम ने उपस्थित सभी जनों को नर्सों के महत्व का भावपूर्ण संदेश दिया। रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, एवं प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे ने नर्सिंग प्रोफेशन की महत्ता पर विचार साझा किए। छात्रा अंचल की सांस्कृतिक प्रस्तुति और छात्र साकिब द्वारा प्रस्तुत कविता ने कार्यक्रम को सरस बना दिया। छात्रा सिया ने नर्स दिवस पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया, शाक्षी एवं अदीबा की सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई।

## प्रधान पति पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रधान पति पर अज्ञात बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। घटना से दहशत मे आए ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंच कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मानपुर कदीम निवासी सनी उर्फ आशीष प्रधान पति ने कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की देर रात घर के बाहर से कुछ लोगों ने उसे आवाज लगाई। अवाज सुनकर जैसे ही वह अपना दरवाजा खोलने लगा तभी उक्त लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज सुनते ही दरवाजा बंद कर वह घर के अंदर ही चला गया। फायरिंग होती देख अनेक ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख उक्त लोग गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी बाइकों को लेकर फरार हो गए।

# विधायक मुकेश के आवास पहुंचे प्रदेश महामंत्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल का विधायक मुकेश चौधरी के आवास पर स्वागत किया गया।

माँ शाकुम्भरी देवी सिद्धपीठ के दर्शन करने के उपरांत भाजपा महामंत्री संगठन धर्मपाल चंद्र नगर स्थित नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी के आवास पहुंचे जहां भाजपा जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, विधायक देवेंद्र निम, किरत सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, राघवलखन पाल शर्मा, को ओपरेटिव चेयरमैन राजपाल सिंह जुड्डा, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, साहब सिंह सैनी, मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, पार्षद दल नेता संजय गर्ग, सरसावा नगर अध्यक्ष सागर चौधरी, पदम सिंह ढायकी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, राज. सिंह माजरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# आशा मॉडर्न ने कब्जाई पहली इनविटेशनल ट्राफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चीनी मार्शल आर्ट शुआई जियाओ की पहली इनविटेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नौ स्वर्ण पदक जीतकर आशा मार्डन स्कूल ने ट्राफी पर कब्जा किया।




ट्रिपल एस एकेडमी द्वारा मल्हीपुर रोड स्थित एक हॉल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ संस्था अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि कुलदीप त्यागी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के अंडर 11 के बालक वर्ग में अभि ने प्रथम, वासु ने द्वितीय, अंशुमान व शिवम पंवार ने तृतीय, बालिका वर्ग वृषिता गुप्ता ने प्रथम, जीनल पंवार ने द्वितीय, हरलीन व रियांशिका गग ने तृतीय, अंडर 50 बालक वर्ग में नवदीप राणा ने प्रथम, वंश भारद्वाज ने द्वितीय, कृषव मिगलानी व आरव डाबर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 20 वेट कैटेगरी में आयोजित प्रतियोगिता में 100 से अधिक बच्चों ने भागेदारी की। प्रतियोगिता में आशा मॉडर्न स्कूल ने 9 स्वर्ण पदक जीतकर ट्राफी पर कब्जा किया। पाइनवुड स्कूल को द्वितीय व आशा मार्डन स्कूल को तृतीय ट्राफी मिली।

अंतरराष्ट्रीय रेफरी प्रदीप त्यागी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को स्वरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। यह भारत का पहला ऐसा जिला-स्तरीय प्रयास है जिसमें शुआई जियाओ को संगठित रूप में प्रस्तुत किया गया।

अंतरराष्ट्रीय पदक विजेतासुषमा सिंह एवं हर्षित बिंदल ने रेफरी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रेफरी एवं आयोजन टीम में अमित कपिल, पुष्पेन्द्र सैनी, पीयूष मित्तल, पुनीत वर्मा, श्रुति गोयल, नीरू सिंह, शिवानी चौहान, हर्ष अरोड़ा ने योगदान दिया।

# भारतीय सेना व सरकार का जवाब प्रशंसनीय: सूर्यकांत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हिंदू जागरण मंच महानगर प्रांत अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने कहा कि भारत सरकार व भारतीय सेना ने जिस प्रकार से पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला करके प्रत्युत्तर दिया है। हिंदू जागरण मंच मेरठ प्रांत इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

शास्त्री नगर स्थित कार्यालय पर सम-सामायिक विषयों व संगठन पर विचार हेतु बैठक आहूत की गई है जिसमें प्रांत अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह की विशेष रूप से उपस्तिथि रहे। सभा की अध्यक्षता बीर सिंह चौहान महानगर अध्यक्ष ने की व संचालन डा. कृतज्ञ यादव महामंत्री ने किया। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने कहा कि आज देश के समक्ष बाह्य व आंतरिक सुरक्षा दोनो मोर्चों पर चुनौती खड़ी हुई है। जिस प्रकार से पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्याएं की वह बहुत ही क्षोभपूर्ण कुत्य था। भारत सरकार व भारतीय सेना ने जिस प्रकार से पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला करके प्रत्युत्तर दिया, हिंदू जागरण मंच मेरठ प्रांत इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।



कल से जो सीज फायर अर्थात युद्ध रोकने पाकिस्तान द्वारा सीज फायर का उल्लंघन करने के समाचार मिल रहे हैं, ये पाकिस्तान का बहुत ही चिंता.जनक व्यवहार है। इस व्यवहार ने पाकिस्तान ने अपना पुराने युद्धों का इतिहास एक बार पुन: दोहराया है। भारतीय नेतृत्व को ऐसी विषम परिस्थितियों में अधिक सचेत व सतर्क रहकर कार्यवाही करनी चाहिये। आतंकवाद को भारत की संप्रभुता व एकता के विरूद्ध युद्ध की कार्यवाही की भांति ही भारत सरकार को बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना द्वारा की जा रही अमानवीय घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए वहां की निर्वासित सरकार को यूंएनओ से मान्यता दिलाने और स्वयं मान्यता देने की कार्यवाही करनी चाहिये। तभी पाकिस्तान को अक्ल सिखाई जा सकती है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष बीरसिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से संगठन करने व आंत.रिक सुरक्षा के मोर्चे पर शासन प्रशासन का सहयोग करने व संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य धर्मपाल कश्यप, अनुरंजन गुप्ता, रामदीप बंसल, दीपक, रजत गोयल, कवर पाल, भानु राणा, महेंद्र शाह मनोज तिवारी, अनिल कुमार, सतीश, सौरभ आदि उपस्थित रहे तथा संगठन को पुनर्गठित करते हुए नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।

# मां बच्चे के लिए शब्द नहीं पूरी दुनिया: डा. नैना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को महानगर की शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने गीतों, कविताओं और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया।

लिंक रोड स्थित ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल में आयोजित. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नैना मिगलानी रहीं। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मां का महत्व समझाया। उन्होंने मां पर आधारित गीत और कविताएं सुनाईं। डॉ. मिगलानी ने कहा कि मां केवल शब्द नहीं, बल्कि बच्चे की पूरी दुनिया होती है। सभी को अपनी मां का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से डॉ. मिगलानी को सम्मानित भी किया गया। बच्चों की माताएं भी कार्यक्रम में पहुंची थीं। नन्हे-मुन्नों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मां का महत्व समझाया।

# सम्पादकीय

सोमवार, 12 मई 2025

## पीओके के बिना बातचीत नहीं

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार की सायं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रयासों से सहमति बनी रही। हालांकि भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में स्पष्ट रूप से कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है। इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई दखल नहीं है। भारत ने यह भी कहा है कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है और इस समय केवल यही एक मुद्दा बचा है। हमे पीओके को वापस लेना है। जाहिर है भारत में यह ऐसे समय में कहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पाकिस्तान व भारत के नेताओं को इस बात के लिए प्रेरित करेंगे जिससे कश्मीर के विवाद का हल निकाला जा सके। डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर को लेकर अपने ट्रूथ सोशल पर कहा है कि यह जो समझौता हुआ है इसके लिए दोनों देशों के नेताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। समझौते का श्रेय लेते हुए डोनाल्ड ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चुकते कि इससे लाखों लोगों की जान जा सकती थी। बात सही भी है युद्ध का इतिहास बताता है कि यह किसी समस्या का समाधान नहीं होता। बल्कि कई समस्याओं को जन्म दे डालता है। युद्ध में भारी मानवीय व आर्थिक छति होती है। इसलिए इसका विकल्प भी अन्तिम ही होता है। दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प कश्मीर के विवाद को हजार साल पुराना बता रहे है और वह दोनों देशों के नेताओं से मिलकर यहां काम करने की बात कह रहे है। यह उम्मीद भी जता रहे है कि इसका समाधान निकाला जा सकता है। जाहिर है ऐसे समय में जब आतंकवादी घटना को लेकर भारत-पाक एक तरह से पूर्ण युद्ध के मुहाने पर पहुंच गए थे। कश्मीर का मुद्दा उछालना थोड़ा अजीब लगता है। इस समय केवल यही बात होनी चाहिए थी कि आतंकवाद पर कैसे लगाम लगानी चाहिए। भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन भारत अपनी तरफ से फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ कह दिया है कि आतंकवाद पर भारत अब चुप नहीं रहेगा और यदि पहलगाम जैसी घटना दौहराई जाती है तो भारत उसे एक्ट ऑफ वॉर के रूप में लेगा। भारत ने यह भी साफ किया है कि पाकिस्तान के बीच कोई राजनायिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डायरेक्टर जनरज ऑफ मिलट्री के बीच सम्पर्क हुआ है ताकि सामा पर स्थिति को संभाला जा सके और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता। तब तक कोई बातचीत मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। निसंदेह यह समय भारत के लिए बेहद चुनौती भरा है। क्योंकि उसका सामना ऐसे देश से हो रहा है जो आतंकवाद को तो पालता-पौसता ही है साथ ही जरा भी भरोसेमंद नहीं है। यह हमने सीजफायर के समझौते के बाद देखा भी है कि किस तरह उसने समझौते के बाद ड्रॉन हमला किया था। भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है। तभी तो उसने पाक को हर तरीके से सबक सिखाने का मन बना लिया है और सीजफायर के समझौते के सम्मान करते हुए पाक की हर हरकत पर नजर भी रख रहा है और इसके लिए सेना को खुली छूट दे दी है।

## संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा हैरान करने वाला घटनाक्रम



पाक-भारत के बीच संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाली है, दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए, पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले में यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाक के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं, यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के जरिये अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं, उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए, भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है, संघर्ष में सरहद के पास जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

**सचिन पायलट**
**कांग्रेस महासचिव**

# ऑपरेशन सिंदूर: आतंकवाद पर एक रणनीतिक चोट

**6 मई की देर रात जब पाकिस्तान सो रहा था, भारत ने ऑपरेशन शुरू किया, यह हमला इतना गोपनीय था कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही इसकी जानकारी थी गौरतलब है कि जिस तरह अमेरीका ने विदेशी धरती पर आतंकी ओसामा बिन लादेन का खात्मा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया था, भारत ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' का उसी ढंग से अंजाम दिया है**



रजनीश कपूर



22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की जान चली गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए। आतंकियों ने पर्यटकों से उनकी धार्मिक पहचान पूछकर निशाना बनाया, जिससे देश में आक्रोश की लहर दौड़ गई। भारत ने इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएपफ), पर डाली। इस बर्बर घटना के जवाब में भारत ने 6-7 मई 2025 की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया। विपक्षी पार्टियों समेत पूरे विश्व की निगाहें भारतीय सरकार पर थीं कि वो इस आतंकी हमले का कब और क्या जवाब देंगे? 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना का एक संयुक्त अभियान था, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की देखरेख में अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। ये हमले बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरिदके और कराची जैसे क्षेत्रों में किए गए, जहां जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के ठिकाने थे। भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जिसमें ब्रह्मोस और स्कैल्प मिसाइलें शामिल थीं, और करीब 70 से 100 आतंकियों को मार गिराया गया।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से आतंकी ढांचों को नष्ट करने के उद्देश्य से था, और इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। भारत ने लक्ष्य चयन और हमले के तरीकों में अत्यधिक संयम बरता, ताकि तनाव को बढ़ाने से बचा जा सके। बीते मंगलवार को यह हमला रात 1:44 बजे शुरू हुआ और भारतीय सुखोई-30 और राफेल फाइटर जेट ने प्रिसिजन स्ट्राइक वेपंस और लॉइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम अपने आप में एक शक्तिशाली सांस्कृतिक और भावनात्मक संदेश देता है। पहलगाम हमले में कई नवविवाहित जोड़ों की जान गई, जिससे कई महिलाओं का सुहाग उजड़ गया।

भारतीय संस्कृति में सिंदूर विवाहित महिलाओं के लिए पति की लंबी उम्र और सौभाग्य का प्रतीक है। इस हमले ने न केवल निर्दोष लोगों की जान ली, बल्कि कई परिवारों को भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। इसलिए, इस ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखकर भारत ने न केवल पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि यह भी संदेश दिया कि अब हर सुहाग को महफूज रखा जाएगा। इस नाम का सुझाव खुद पीएम मोदी ने दिया था, जो इस ऑपरेशन के प्रतीकात्मक महत्व को दर्शाता है। वहीं पाकिस्तान ने इस हमले को अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया और इसे 'कायराना' बताया। पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने चुने हुए समय और स्थान पर इसका जवाब देगा। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि हमले में एक बच्चे की मौत हुई और दो लोग घायल हुए, लेकिन भारत ने स्पष्ट किया कि केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इस हमले की निंदा की और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। भारत सरकार ने सभी सीमावर्ती राज्यों में 'मॉक ड्रिल' की शुरुआत कर दी है। इससे आम जनता को आपात स्थिति के लिए तैयार किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने अपनी कार्रवाई को जिम्मेदार और नियंत्रित बताया। भारत ने स्पष्ट किया कि यह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई थी, न कि पाकिस्तान के साथ युद्ध की शुरुआत। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने त्वरित कदम उठाए, जिसे पाकिस्तान ने 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया।

केवल 15 दिनों में भारत ने खुफिया जानकारी एकत्र की और 'ऑपरेशन सिंदूर' की रणनीति तैयार की। 6 मई की देर रात, जब पाकिस्तान सो रहा था, भारत ने ऑपरेशन शुरू किया। यह हमला इतना गोपनीय था कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही इसकी जानकारी थी। गौरतलब है कि जिस तरह अमरीका ने विदेशी धरती पर आतंकी ओसामा बिन लादेन का खात्मा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया था, भारत ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' को उसी ढंग से अंजाम दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को देश भर में व्यापक समर्थन मिला। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस कार्रवाई की सराहना की। सोशल मीडिया पर 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' जैसे नारे ट्रेंड करने लगे। यह ऑपरेशन पहलगाम हमले का सटीक जवाब था, जिसने आतंकी नेटवर्क को करारा झटका दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल एक सैन्य कार्रवाई थी, बल्कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता और रणनीतिक ताकत का प्रतीक था। इसने दुनिया को दिखाया कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह ऑपरेशन उन मासूमों के खून का बदला था, जिन्होंने पहलगाम में अपनी जान गंवाई। साथ ही, यह एक चेतावनी भी थी कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उम्मीद है कि जो भी राष्ट्र आतंकियों को पनाह देते हैं उन सभी के लिए यह ऑपरेशन एक कड़ा संदेश देगा।

# दयाभाव की जीवित प्रतिमूर्ति थे महात्मा बुद्ध...

## महात्मा बुद्ध: हर प्राणी के लिए दया का व्रत



श्वेता गोयल

**माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोध वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था**



हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दु:ख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दु:ख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि 'यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?' सारथी ने बताया कि यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दु:खों का सामना करना ही पड़ता है।

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दु:ख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दु:खी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

## आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिरोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

# आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार...

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओ.के) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।





**ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा**



योगेश कुमार गोयल

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही।

## बच्चों के लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल हो सकता है खतरनाक

आजकल बच्चों को मामूली सी बीमारी में एंटीबायोटिक खिलाना आम बात हो गई है। हालांकि यह चिंता की बात नहीं है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक इस्तेमाल या फिर बिना सोच-समझकर देना बच्चों की सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। भले ही एंटीबायोटिक दवा बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण हो ठीक करती हैं, लेकिन अगर आप बार-बार या फिर गलत तरीके से इसे देते हैं, तो इसका आपके शरीर पर उल्टा असर हो सकता है।

### एंटीबायोटिक दवाएं...

जब बच्चे को बार-बार एंटीबायोटिक दी जाती है, तो कुछ बैक्टीरिया इन एंटीबायोटिक से लड़ना सीख जाते हैं। इससे यह दवा काम नहीं करती है और मामूली संक्रमण भी खतरनाक बन जाते हैं।

### कम हो जाती है ताकत...

अगर हर बार बच्चे को दवा दी जाती है, तो शरीर को बीमारी से खुद लड़ने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे भी बच्चे का इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो जाता है। इससे बार-बार वह बीमार पड़ने लगते हैं।

### खराब पाचन...

एंटीबायोटिक दवा सिर्फ बुरे बैक्टीरिया ही नहीं बल्कि अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देती है। इसमें वह बैक्टीरिया भी होते हैं, जो पेट को सही रखने में मदद करते हैं। इससे पेट दर्द, अपच और गैस की समस्या हो सकती है।

### एलर्जी का खतरा...

कुछ बच्चों को एंटीबायोटिक देने से खुजली, रैश या फिर सांस लेने में परेशानी जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है कि उनको एंटीबायोटिक न दें और अगर दे रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### वायरल बीमारी...

सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे वायरल संक्रमण होने पर एंटीबायोटिक काम नहीं करती है। अगर एंटीबायोटिक दी भी जाती है, तो वह सिर्फ नुकसान करती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप बच्चे को दवा न दें।

### पेट दर्द जैसे साइड इफेक्ट्स...

दवा के कारण बच्चों को उल्टी, मतली, पेट दर्द या फिर चकत्ते जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। हालांकि कुछ मामलों में यह लक्षण हल्के होते हैं और खुद से ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर यह लक्षण अधिक बढ़ जाते हैं, तो बच्चे को परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# भारत-पाक का सीजफायर देख पुतिन का मन पिघला

## यूक्रेन से बातचीत को बढ़ाया हाथ



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का आह्वान किया। पुतिन ने रविवार को कहा कि हम गंभीर बातचीत चाहते हैं। संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने और एक स्थाई, मजबूत शांति की ओर बढ़ने के लिए। यह बयां यूरोपीय नेताओं में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन के यूक्रेन का दौरा करने और रूस से बिना शर्त 30-दिवसीय युद्धविराम पर सहमत होने का आग्रह करने के कुछ घंटों बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जवाब में कहा था कि मास्को को इस पर विचार करना होगा, लेकिन चेतावनी दी, हम पर दबाव डालने की कोशिश करना बिल्कुल बेकार है। पुतिन ने कहा कि वह इस संभावना से इनकार नहीं करेंगे की वार्ता के परिणामस्वरूप रूस और यूक्रेन नए युद्धविराम, एक नए युद्धविराम पर सहमत हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के नेता ने कहा कि वह रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से बात करेंगे और विवरण पर चर्चा करेंगे। यूरा. ेपीय नेताओं ने यूक्रेन का दौरा किया और एक महीने के युद्धविराम का आह्वान किया। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और पोलैंड के नेता तथाकथित इच्छुक गठबंधन का हिस्सा थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की द्वारा मेजबानी की गई और इन देशों के नेताओं ने यात्रा के दौरान एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन बिना शर्त 30-दिवसीय युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं, तो रूस के ऊर्जा और बैंकिंग क्षेत्रों पर नए एवं बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

## बहरीन ने की सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**मनामा।** बहरीन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर सीरिया के साथ चर्चा की है। यह जानकारी विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी ने शनिवार को सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के बहरीन के दौरे के दौरान दी।

सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी के साथ संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अल जायनी ने कहा कि बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा ने अल-शरा के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें दोनों देशों के बीच गहरे भाईचारे के संबंधों पर बातचीत हुई। चर्चा व्यापार, नागरिक उड्डयन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सीरिया में नवीनतम घटनाक्रमों की भी समीक्षा की, जिसमें सुरक्षा, स्थिरता और सामाजिक एकता को बनाए रखने के राष्ट्रीय प्रयास शामिल हैं।

## हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने की दी सलाह

गहमागहमी




ढाका में हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने के लिए कहा गया, सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए बैरिकेड्स।

## पांच बांग्लादेशी नागरिकों को 12 दिन की जेल

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को पांच बंगाद. ेशी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने के आरोप में 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार रात देपाछरा गांव से एक वर्षीय बच्चे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान, उन्होंने जिले के पेचारथल थाना क्षेत्र के मचमारा में रहने वाले दो अन्य लोगों के ठिकाने का खुलासा किया। आरोपियों को उन दो स्थानों पर ले गई, जहां बंगलादेशी नागरिक छिपे हुए थे और पता चला कि सभी पांच बंगलादेश मौलवीबाजार जिले के निवासी हैं और उनका भारतीय घरवालों से संबंध है।

# आस्ट्रेलिया में एक टन कोकीन के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की पुलिस ने देश के पूर्वी तट पर एक नाव पर एक टन से अधिक कोकीन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) और न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की पुलिस ने रविवार को एक संयुक्त मीडिया विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

विज्ञप्ति के अनुसार एनएसडब्ल्यू पुलिस बल और एएफपी अधिकारियों ने शुक्रवार की सुबह उत्तरी एनएसडब्ल्यू में नम्बुका हेड्स के तट से लगभग नौ समुद्री मील दूर जहाज को रोका। नाव पर कोकीन के लगभग 1,110 ब्लॉक पाए गए, जिनका वजन 1,039 किलोग्राम था और बाजार मूल्य 6234 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 3997 लाख अमे. रिकी डॉलर) है। इस सिलसिले में 24 और 26 वर्ष की आयु के दो लोगों को नाव पर गिरफ्तार किया गया और किनारे पर ले जाया गया। उसी समय, 28, 29 और 35 वर्ष की आयु के तीन अन्य लोगों को तट पर गिरफ्तार किया गया। नाव पर सवार दो लोगों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने और एक आपराधिक समूह में भाग लेने का आरोप लगाया गया है। अन्य तीन लोगों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने और एक आपराधिक समूह में भाग लेने का आरोप लगाया गया है। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा कि उसने 28 अप्रैल को दक्षिणी सिडनी में बड़ी मात्रा में नकदी के साथ 13 मीटर की नाव की ष्संदिग्धष खरीद के संबंध में खुफिया जानकारी प्राप्त करने के बाद जांच शुरू की। एएफपी के सहायक आयुक्त स्टीफन डेमेटो ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की विशाल तटरेखा संगठित अपराध समूहों के लिए आकर्षक है, लेकिन तस्करी के तरीके का उपयोग करने वाले अपराधी अपनी स्वतंत्रता और अपने जीवन दोनों को जोखिम में डालते हैं।

# खत्म होगी हसीना की अवामी लीग की मान्यता

## बांग्लादेश के चुनाव आयोग को अंतरिम सरकार की औपचारिक अधिसूचना का इंतजार

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग (ईसी) ने रविवार को कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के पंजीकरण को रद्द करने पर फैसला लेने से पहले सरकार की अधिसूचना का इंतजार कर रहा रहा है। यह कदम तब उठाया जा रहा है, जब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ए.एम.एम. नासिर उद्दीन ने पत्रकारों से कहा, अगर सरकारी अधिसूचना सोमवार को प्रकाशित होती है, तो हम बैठक कर अवामी लीग की मान्यता के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बांग्लादेश के कानून के अनुसार, अगर चुनाव आयोग अवामी लीग का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है, तो यह पार्टी आगामी आम चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। अगले आम चुनाव दिसम्बर 2025 से जून 2026 के बीच होने की संभावना है। अंतरिम सरकार की कैबिनेट (सलाहकार परिषद) ने शनिवार रात आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा। इनमें आनलाइन गतिविधियां भी शामिल हैं। यूनुस के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में आधिकारिक अधिसू. चना अगले कार्यदिवस द्धसोमवारत्र को जारी की जाएगी। बयान में कहा गया, यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में अवामी लीग और उसके नेताओं पर मुकदमा पूरा नहीं हो जाता। बयान में इसका मकसद देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा बताया गया है।

### शेख हसीना को पीएम बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगाई

**खुलना।** बांग्लादेश में श्रीमती शेख हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगा दी गई है। खुलना में डेली देश शोंगजोग नामक एक स्थानीय मीडिया प्रकाशन के कार्यालय में हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर आग लगा दी गई। आगजनी के इस हमले के अपरा. धियों का पता नहीं चल पाया है। डेली ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के अनुसार मुंशी महबूबुल आलम सोहाग अखबार के संपादक हैं। वह अवामी लीग की खुलना महानगर इकाई के कार्यालय सचिव के रूप में भी काम करते हैं।

# अपने परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरानः अब्बास अराघची



**दोहा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच अपना रुख पूरी तरह से साफ कर दिया है। उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिका का मकसद ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा। बता दें कि यह बयान उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में दिया, जहां ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली अगली परमाणु वार्ता से एक दिन पहले वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अराघची ने साफ कहा कि अगर बातचीत का उद्देश्य ईरान के परमाणु अधिकार छीनना है, तो हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे। अमेरिका और इस्राइल परमाणु समझौते को लेकर लगातार ईरान को धमकी देता रहा है। हालांकि ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसको लेकर अराघची ने कहा कि हम अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं कर रहे हैं, लेकिन अपने अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। अगर बातचीत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, तो समझौता संभव है। लेकिन अगर हमारा अधिकार छीनने की कोशिश हुई, तो हम कभी नहीं मानेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान के नवाचार केंद्रों को पूरी तरह खत्म करना होगा, तभी कोई समझौता संभव है। गौरतलब है कि ट्रंप ने अमेरिका को 2015 में हुए परमाणु समझौते से अलग कर लिया था और धमकी दी थी कि अगर नया समझौता नहीं हुआ, तो ईरान पर सैन्य हमला किया जा सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद के कारण पर प्रकाश डाले तो अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करे, क्योंकि उसे शक है कि इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। लेकिन वह मानता है कि उसकी अर्थव्यवस्था पर लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के लिए वह कुछ समझौते करने को तैयार है।

# पाक पीएम ने मददगार मुल्कों को कहा शुक्रिया

## भारत ने पहले हमला किया: शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय समय के मुताबिक शनिवार देर रात फिर झूठा दावा किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने भारत के खिलाफ साथ देने के लिए सऊदी अरब, तुर्किए और चीन को भी धन्यवाद दिया।

हम दुश्मन पर फिर से भारी पड़े हैं। मैं असीम मुनीर (पाकिस्तान आर्मी चीफ) समेत सभी अफसरों को सलाम पेश करता हूं। हमें आप पर नाज है। हम इस जंग को अंजाम तक पहुंचाकर दम लेंगे। पाकिस्तान की इज्जत के लिए फौज और अवाम दोनों काबिल हैं। हम लश्कर बनकर दुश्मन का मुकाबला करेंगे और दुश्मन को शिकस्त देंगे। हम आपके जज्बे को सलाम पेश करते हैं, क्योंकि आप (सेना) सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। भारत बेशक 100 प्रतिशत एकतरफा फैसले कर ले मगर उससे हकीकत नहीं बदलेगी। दहशतगर्दी से सबसे ज्यादा परेशान मुल्क पाकिस्तान है।

हमने दहशतगर्दी के खिलाफ जंग में 90 हजार लोगों को गंवाया। 152 अरब डालर का नुकसान बर्दाश्त किया है। पहलगाम हमले की आड़ में पाकिस्तान पर हमला बेबुनियाद है। अमन पसंद मुल्क के तौर पर पाकिस्तान ने पहलगाम वाकए की जांच की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने कानून न मानते हुए गलत रास्ता अख्तियार किया। जम्मू-कश्मीर एक मुसलमा तनाजा था, है और उस वक्त तक रहेगा, जब तक कश्मीरी भाइयों को उनका हक नहीं मिल जाता।

दुश्मनों ने निहत्थे लोगों पर हमला कर खुद को ताकतवर समझा, लेकिन पाकिस्तान मुंहतोड़ जवाब देना जानता है।

हम अपनी सेना की दिलेरी को सलाम करते हैं, जिन्होंने भारत को जवाब दिया है। पाकिस्तानी वायु सेना ने अपने सरहद के भीतर रहते हुए दुश्मनों के जहाजों के परखच्चे उड़ा दिए।



## पाक एयरफोर्स दुनिया में सबसे बेहतरः बुखारी



**इस्लामाबाद।** पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने पाकिस्तानी एयर फोर्स की तारीफ की है। उन्होंने डेली टाइम्स से कहा कि पाकिस्तानी एयरफोर्स की कामयाबी ने भारत को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने दिखा दिया कि पाकिस्तान की एयरफोर्स दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वायुसेना में से एक है। इनकी वजह से ही भारत को अपने घुटने टेकने पड़े। विदेशों में रह रहे पाकिस्तानी प्रवासियों ने भी पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की है। लंदन में रहने वाले पाकिस्तानी हसन डार ने पीटीवी न्यूज से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तानी एयरफोर्स की सफलता ऐतिहासिक है। इनके किस्से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। ब्रिटेन में रहने वाले एक शख्स ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की और आर्मी चीफ को पाकिस्तानी सिपाही सलार यानी सैनिकों का नेता बताया।

# घुसपैठ रोकने को भारत-नेपाल हुए एकजुट

**काठमांडू/नई दिल्ली।** नेपाल और भारत के सुरक्षा बलों ने बर्दिया और भारत के बीच 83 किलोमीटर खुले सीमा क्षेत्र के 20 बिदुओं पर निगरानी बढ़ा दी है ताकि घुसपैठ रोकी जा सके।

इस क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा भारत के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य और घने वन क्षेत्रों से सटा हुआ है, जिन्हें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र माना जाता है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बर्दिया की मुख्य जिला अधिकारी रुद्रदेवी शर्मा ने कहा कि नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ), नेपाल पुलिस और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से नो-मैन्स-लैंड में संयुक्त गश्त की जा रही है। गणेशपुर-लौकही कॉरिडोर को बर्दिया जिला प्रशासन कार्यालय ने उच्च जोखिम वाला क्षेत्र बताया है। सुरक्षा कड़ी करने के लिए वहां प्रवेश पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनके तहत लोगों को चेकपॉइंट्स पर अपनी पहचान दर्ज करानी होगी। यह कदम आपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध सीमा पार आवागमन, फरारी अपराधी, मादक पदार्थों और मानव तस्करी जैसी चिताओं के चलते उठाया गया है, जो स्थानीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। यह क्षेत्र सीमावर्ती और निगरानी की कमजोर व्यवस्था के कारण सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बना हुआ है।

अब सख्त निगरानी और संयुक्त प्रयासों के जरिए रणनीतिक प्रवेश बिंदुओं पर नियंत्रण तथा सीमा पार अपराधों को रोकने की कोशिश की जा रही है। अब सीमा पार करने वाले लोगों को यात्रा का उद्देश्य, गंतव्य, वापसी की तारीख और मिलने वाले व्यक्ति की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। वैध पहचान पत्र भी जरूरी है। यह सख्ती हाल ही में पहलगाम, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ने के चलते की गई है। कड़ी सुरक्षा और बढ़ती सतर्कता के कारण लौकही और बलैगांव जैसे भारतीय सीमावर्ती शहरों में नेपाली नागरिकों की आवाजाही में कमी देखी गई है।

## विदेश मंत्रालय नेपाली नागरिकों के संपर्क में

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत में पढ़ रहे छात्रों के साथ नियमित संपर्क में है। मंत्रालय ने एक बयान में रविवार को कहा कि सरकार हाल के घटनाक्रम से पूरी तरह अवगत है और पाकिस्तान में नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

पाकिस्तान में नेपाली दूतावास छात्रों और नेपाली नागरिकों के साथ नियमित संपर्क में है। नेपाल समाचार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मंत्रालय ने नेपाली छात्रों और उनके माता-पिता से आग्रह किया कि वे कोई भी तात्कालिक सहायता के लिए इस्लामाबाद में नेपाली दूतावास से संपर्क करें। इसी प्रकार, भारत स्थित नेपाली दूतावास ने नेपालियों से आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं के निकटतम स्थान की पहचान कर सतर्क एवं सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। पाकिस्तान में पढ़ रहे कुछ नेपाली छात्रों ने सरकार से उन्हें निकालने की गुहार लगाई है। काठमांडू पोस्ट ने कहा पाकिस्तान स्थित नेपाली दूतावास के अनुसार, वहां मौजूद लगभग 100 नेपाली छात्र सुरक्षित हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद सुमना श्रेष्ठ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक छात्र का ईमेल साझा किया, जिसमें तनाव की स्थिति का वर्णन किया गया है। ईमेल के आधार पर श्रेष्ठ ने विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा को एक पत्र लिखकर पाकिस्तान में नेपाली छात्रों की स्थिति का वर्णन किया।

# कार्रवाईः केकड़े रखने में चीन के तीन नागरिक गिरफ्तार

**टोक्यो।** जापान की पुलिस ने भारी संख्या में केकड़े रखने के आरोप में चीन के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार तीन संदिग्धों, लियाओ झिबिन, सोंग झेनहाओ और गुओ जियावेई को बुधवार को अमामी द्वीप पर 160 किलोग्राम (353 पाउंड) जीवित केकड़े रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, अमामी ओशिमा द्वीप के एक शहर अमामी में एक होटल कर्मचारी ने पर्यावरण अधिकारियों को सूचित किया, जब उसने कई सूटकेसों में कुछ संदिग्ध देखा, जिस पर तीनों व्यक्तियों ने होटल के कर्मचारियों से नजर रखने को कहा था। यहां की एक पुलिस अधिकारी ने सीएनएन को बताया, उन्होंने एक सूटकेस से सरसराहट की आवाज सुनी, जिसे भंडारण में रखा जा रहा था। पुलिस के अनुसार अधिकारी बाद में होटल पहुंचे और सर्पिल-खोल वाले हर्मिट केकड़े छह सूटकेसों में भरे हुए पाए। क्योडो न्यूज के अनुसार, बुधवार को होटल में बिना अनुमति के केकड़े रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## लंका में सड़क हादसे में 11 की मौत, 25 घायल

**कोलंबो।** लंका के मध्य प्रांत में स्थित कोटमाले में रविवार सुबह बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और दुर्घटना के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने पहले बताया था कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। लंका में सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।